हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

STAY cool with

STAY fresh with sweat-free, clean clothes

STAY refreshed with chilled drinks

STAY entertained with

STAY at home with Starshine.

Bahar Garmi
Badh Rahi Hai!

STARSHINE

95755 13015

starshine.co.in

Available at leading electronic stores. Also on starshine.co.in.

ATUL

गायक हंसराज रघुवंशी के शिव भजनों पर देर रात तक जमकर झूमते रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 29वां दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और मंत्रोचार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने किया। पहले दिन प्रख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भव्य प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति भावना से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। हंसराज रघुवंशी ने बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा के भजनों से मंदिर परिसर में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी। भजनों पर देर रात तक श्रोता जमकर झूमते रहे।

खबर संक्षेप

हाईकोर्ट ने उद्यान से काटे गए पेड़ों की लकड़ी बेचने पर लगाई रोक

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने भिलाई स्थित स्मृति नगर कालोनी उद्यान में लगे 50 पेड़ों को काटे जाने के मामले में सुनवाई करते हुए काटे गए पेड़ों की लकड़ी बेचने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही संबंधित रेंज के डीएफओ और एसडीओ रेवेन्यू को मामले को देखकर अपने जवाब के साथ रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था जुनवानी भिलाई में अध्यक्ष एवं संचालक मंडल ने गार्डन में वर्षों से लगे हुए 50 पेड़ों को बिना अनुमति कटवा दिया। इस मामले की शिकायत स्थानीय निवासी और पार्षद मुकेश अग्रवाल ने डीएफओ फारेस्ट से की। इसमें बताया गया कि अध्यक्ष एवं संचालक मंडल द्वारा लालच और लाभ कमाने के उद्देश्य से स्मृति नगर के सड़क नंबर 2 व 3 के मध्य स्थित अम्बेडकर गार्डन व सड़क नंबर 4 व 6 के मध्य स्थित शंकराचार्य गार्डन में लगे लगभग 50 जीवित वृक्षों कहुआ, जामुन, नीम व करंज को कटवाकर गार्ड को पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। अनेक वृक्षों की कटी लकड़ियों को इन्होंने किसी अन्य जगह छिपाकर बेच दिया है। वृक्षों को काटने के लिए चाईनीज कटर मशीन का उपयोग किया गया है। यह पूरी संभावना है कि वे इस गार्डन को भूखण्ड बनाकर बड़े व्यापारियों को बेचना चाह रहे हैं। इस शिकायत के बाद भी समूचित कार्रवाई नहीं होने पर इन्होंने एडवोकेट संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई और याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि कालोनी स्मृति नगर में सोसायटी से संबंधित अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लिए बिना लगभग 50 पेड़ काट दिए हैं और वे उन्हें बेचने जा रहे हैं, जो कानून के अनुसार नहीं है।

एमआईसी के दो पार्षदों का इस्तीफा हुआ मंजूर



भिलाई। रिसाली निगम में एमआईसी के दो पार्षदों ने महापौर शशि सिन्हा को बुधवार इस्तीफा सौंप दिया। महापौर ने अपने परिषद के दो सद्स्य के इस्तीफा को मंजूर कर लिया है।खास बात यह है कि महापौर ने इन दोनों पार्षदों को एमआईसी में शहर सरकार में आते ही जगह दी थी। कुछ महीने पहले महापौर ने एमआईसी में फेरबदल भी किया था लेकिन इन दोनों पार्षदों की सदस्यता बनाए रखी थी। हाल ही में ये दोनों पार्षद भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। दोनों की पार्षदों ने अपना इस्तीफा एमआईसी से महापौर को सौंपा। वार्ड 20 के पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह को राजस्व, बाजार और वाहन विभाग का प्रभारी बनाया गया था। वार्ड 33 के पार्षद परमेश्वर कुमार को पुनर्वास तथा नगर नियोजन, उद्यानिकी तथा संचार विभाग की जिम्मेदारी दी थी।

सुधाकर की मौत के बाद गोंडी के बाद तेलगू में मिले नक्सलियों के खत

बच्चों व युवाओं को हथियार चलाने के साथ पढ़ाया जा रहा नक्सलवाद का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दो दिन पूर्व मुठभेड़ में मारे गए मोस्ट वाटेंड 25 लाख के ईनामी एसजेडसीएम सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ सोनसाय उर्फ मुरली अलग अलग राज्यों में अलग अलग नामों से सक्रिय था। मुठभेड़ में मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों को मौके से मिले गोंडी व तेलगू भाषा के पत्रों से कई सनसनीखेज खुलासा हुए हैं। तेलगू भाषा में लिखे पत्र में इस बात का पता लगा कि हाल ही में नाबालिगों समेत 130 की लोगों की संगठन में भर्ती किया गया है। जिन्हें हथियार चलाने की ट्रेनिंग के अलावा नक्सलवाद का पाठ भी पढ़ाया जा रहा है।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक छग समेत देश के सभी नक्सल प्रभावित राज्यों से नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद नक्सलियों में एक ओर जहां भय देखा जा रहा है वहीं मुठभेड़ में मारे जाने, गिरफ्तारी व समर्पण से संगठन में लाल लड़ाकों की कमी को देखते हुए अब बच्चों को भी नक्सलवाद का पाठ पढ़ाते हुए हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस बात का खुलासा मुठभेड़ में मारे गए तेलगांना निवासी सुधाकर के शव के साथ गोडीं व तेलगु भाषा में मिले पत्र से हुआ है। गृहमंत्री के एलान के बाद बस्तर पुलिस द्वारा वर्ष 2025 के शुरूआती 83 दिन में करोड़ों के ईनामी 100 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किया जा चुका है। मुठभेड़ में लगातार मारे जा रहे लाल लड़ाकों के अंजाम को देखते हुए नक्सलियों में भय देखा जा रहा है इसका जिक्र गोंडी भाषा में मिले पत्रों से हुआ है।

खास खबर

सेफ जोन भी सुरक्षित नहीं

नक्सलियों ने शीर्ष नक्सलियों को पत्र लिखकर अपनी व्यथा बताते हुए लिखा है कि अब उनका सेफ जोन भी सुरक्षित नहीं है। वहीं तेलगु भाषा में मिले पत्रों में माओवादी संगठन में 130 नए लड़कों की हुई भर्ती तथा बच्चों व युवाओं को हथियार चलाने के साथ नक्सलवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खुलासा हुआ है यह पत्र मुठभेड़ में मारे गए नक्सली लीडर सुधाकर के शव के साथ सुरक्षाबलों ने बरामद किया है।





मिले पत्रों की पड़ताल की जा रही

मुठभेड़ स्थलों से नक्सलियों के शवों के साथ उनके दस्तावेज भी बरामद होते रहे है। हाल ही में मारे गए एसजेडसीएम सुधाकर की मौत के बाद भी मिले पत्रों में कई सनसनीखेज खुलासा हुआ है जिसकी पड़ताल की जा रही है।

- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर।



बच्चों को बम बनाने व हथियार चलाने की ट्रेनिंग

मिले पत्र में इस बात का पता लगा है कि संगठन में 9 से 11 साल के 40 बच्चे, 14 से 17 साल के 40 और 18 से 22 साल के 50 युवक-युवतियों को संगठन में शामिल किया गया हैं। नक्सलियों द्वारा नए भर्ती मेंबरों को हथियार चलाने की तकनीक सिखाई जा रही है। उन्हें नक्सल संगठन के उद्देश्यों और नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए नक्सलवाद का पाठ पढ़ाया जा रहा है। नक्सली लीडर्स का मानना है कि ये नए सदस्य अभी लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं, उन्हें अभी और प्रशिक्षण की आवश्यकता है ताकि वे नक्सल संगठन के लिए प्रभावी ढंग से काम कर सके।

उठाव में सुस्ती

सूख रहा धान, हर बोरी में 2 किलो तक शार्टेज!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी थमने के दो महीने बाद भी अब तक जिले की अधिकांश समितियों में हजारों क्विंटल धान खुले में पड़ा हुआ है। तेज धूप के बीच खुले आसमान में रखे हुए इस धान में शार्टेज की शिकायत भी सामने आ रही है। हर एक बोरी में दो किलो तक वजन कम हो रहा है। ऐसे में समिति प्रबंधकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि उठाव में देरी को देखते हुए सरकार को सूखत के मामले में राहत देनी चाहिए।

ज्ञात हो कि तीन साल पहले भी जिले में छह महीने से अधिक समय तक धान समितियों में डंप रहने के चलते करोड़ों रुपए का धान न केवल सड़ गया था, बल्कि हजारों क्विंटल धान का शार्टेज भी देखने को मिला था। नियमानुसार धान का शार्टेज आने पर समिति प्रबंधकों से वसूली की जाती है।

96 केंद्रों में से अधिकांश में जाम

मिली जानकारी के अनुसार जिले में उपार्जन केंद्रों में लगभग 80 हजार मीट्रिक टन धान डंप है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 96 उपार्जन केंद्रों में गिनती के ही केंद्र में धान की मात्रा कम है। लगभग 90 फीसदी उपार्जन केंद्रों में हजारों क्विंटल धान डंप पड़ा हुआ है। ऐसे में बे-मौसम बारिश, तेज धूप से धान प्रभावित हो रहा है। जिसकी जिम्मेदारी शासन को लेनी चाहिए। उनका कहना है कि पिछले साल जब प्रदेश स्तर पर समिति प्रबंधकों ने आंदोलन किया था।

आरटीई में गरीब बच्चों के लिए बनाएं नई नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिक्षा के अधिकार अधिनियम की आरटीई के जरिए स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेशित किया है क इस वर्ग के बच्चों के दाखिले के लिए नई नीति बनाएं। सरकार को इस नई नीति बनाने के लिए छह महीने का समय दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सबैद्र कुमार डिवीजन बेंच ने वर्ष 2011 में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए हैं। 18 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।

केंद्र ने तय की आय की सीमा

याचिकाकर्ता भगवंत राव ने याचिका में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार ने ईडब्ल्यूएस को वार्षिक आय सीमा तीन लाख रुपए तय की है। जबकि राज्य सरकार बीपीएल सूची को आधार बना रही है।

चल रही प्रवेश की प्रक्रिया: आरटीई में 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की ख्याति देश-विदेश तक पहुंची, शिव महापुराण कथा का समापन

जशपुरनगर। कुनकुरी मयाली में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास आयोजित महाशिवपुराण का गुरुवार को भव्य समापन किया गया। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव भक्तों को 7 दिन तक कथा का श्रवण कराया। सभी को भव्य आयोजन के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कई देशों के लोगों ने विभिन्न सोशल मीडिया, चैनल के माध्यम से कथा को सुना। जशपुर में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की ख्याति देश- विदेश तक पहुंच चुकी है। इसका पूरा श्रेय जशपुर वासियों को जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रीमती कौशल्या साय, राजपरिवार और आयोजन समिति के साथ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों, जशपुर के शिव भक्तों को हृदय से धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री की पत्नी ने माना आभार

पंडित मिश्रा ने कथा के सातवें दिन सुबह 8 बजे 11 बजे तक कथा का श्रवण कराया उन्होंने कहा कि भोले कण कण में मिलेंगे। भक्तों के हृदय में भोले मिल जाएंगे। बाबा ने मनुष्यों को अपने कर्म से महान बनने का संदेश दिया। इसके लिए भूखें को खाना खिलाओ, प्यासे को पानी पिलाओ, पीपल के नीचे चींटियों को आटा खिलाओ, इस भंडारे के समान ही पुण्य मिलता है। मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने महाशिवपुराण की कथा के समापन के अवसर पर पंडित श्री मिश्रा और उनके साथ आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

अपनी जीत पर हैरानी नहीं, हार पर लगाया ब्रेक बनीं मेयर और अब कोरबा को संवारने का सपना

रायपुर। कोरबा की मेयर संजू देवी राजपूत का कहना है, जनता ने उन पर भरोसा किया और इस बार भाजपा की हार पर विराम लगा। भाजपा जीती और वे मेयर बनीं। राजपूत ने कहा, उनका सपना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस तरह देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने प्रयासरत हैं, ऐसा ही हम कोरबा को संवार सकें। चुनौतियों पर उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दस साल में यहां कोई काम नहीं किया। अब हम सब मिलकर शहर की समस्याओं को दूर कर इसे सुंदर बनाएंगे। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नए मेयर, नई बात की इस कड़ी में संजू देवी से विस्तार से बातचीत की और कोरबा के संदर्भ में उनके विचारों को जाना। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश-

▶ जीत को लेकर आप कितनी अचंभित हैं, क्योंकि भाजपा लगातार यहां से हार रही थी ?

▶▶ हैरत की कोई बात नहीं थी। एक साल से विष्णुदेव साय सरकार की योजना थी। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने 13 महीने में ही 140 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दे दी।

▶ लोकसभा का चुनाव सरोज पांडेय यहां से हार गई थीं, तमाम बातों के बावजूद ?

▶▶ कोरबा विधानसभा क्षेत्र से सरोज पांडेयजी की लीड 51 हजार की थी। लेकिन हार तो हुई है।

▶ कोरबा में सभापति का चुनाव भाजपा प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल नहीं जीत सके ?

▶▶ वह तो नेताओं ने नहीं, पार्षदों ने चुनाव किया था, उनके मन में क्या था, यह तो उनसे एक-एक करके पूछने से ही पता चलेगा।

▶ कोरबा में लोग अच्छे खासे लोगों को निपटा देते हैं। आखिर आप कैसे सभी का समर्थन पाने में सफल रही हैं ?

▶▶ भारतीय जनता पार्टी एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान देती है। जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाती है, इसलिए आगे बढ़े हैं और सब इसलिए खुश थे।

नए महापौर नई बात

▶ जनता कैसे राजी हुई, भाजपा तो पहले भी प्रत्याशी उतारती थी ?

▶▶ जनता भी मुझे प्रत्याशी बनाने से खुश थी। मैं पार्षद के रूप में और पार्टी पदाधिकारी के रूप में जनता के पास जाती रही थी।

▶ कोरबा नगर निगम के सामने क्या हैं चुनौतियां ?

▶▶ कांग्रेस ने 10 साल में कोई काम ही नहीं किया। विकास के काम नगर निगम में नहीं हुए। नालियां, सड़क, बिजली की व्यवस्था नहीं।

▶ मंत्री लखनलाल देवांगन जी ने क्या किया ? सवा साल से कोरबा के लोग रो ही रहे हैं ?

▶▶ नहीं रो रहे हैं। हमारे उद्योग मंत्री 140 करोड़ रुपए की सौगात दिए हैं।

▶ महापौर के रूप में अब क्या करने का इरादा है ?

▶▶ 13 महीने में लखनलाल देवांगन जी ने जो व्यवस्था बनाई है, उसी के अनुरूप काम करेंगे।

▶ महापौर कौन रहने वाला है, लखनलाल देवांगन जी के भाई भी नगर निगम की राजनीति करते हैं तो कौन रहेगा ?

▶▶ कोरबा विधानसभा में विधायक हैं देवांगनजी और हम महापौर हैं तो दोनों मिलकर काम करेंगे।

▶ और भैया के भैया की क्या स्थिति है ?

▶▶ ठीक है उनका, भाजपा में सब एक ही हैं, चाहे मैं हूं या अन्य नेता।

▶ भाजपा में सभापति को लेकर जो हुआ उससे आप कितनी आशंकित हैं ?

▶▶ महापौर का काम अलग है। काम करेंगे, हमारे लिए हर पार्षद बराबर।

▶ भाजपा को अंगूठा दिखाने वाला सभापति, मुश्किल नहीं है ?

▶▶ सब पार्षद साथ हैं, कोई दिक्कत नहीं होगी।

▶ कोई सपना कोरबा के संदर्भ में ?

▶▶ मोदी जी का सपना रहा है देश स्वच्छ और सुंदर रहे, यही इच्छा है कोरबा स्वच्छ और सुंदर हो।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

29 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे आईटी कार्यालय

नई दिल्ली। करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय 29 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सप्ताहांत और सोमवार को पड़ने वाली ईद-उल-फितर के बावजूद देश भर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आदेश में कहा, लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए समूचे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च 2025 को खुले रहेंगे।

अभिषेक माहेश्वरी के राजनांदगांव, डोंगरगांव सहित रायपुर में जांच करने पहुंची

सीबीआई ने अभिषेक के ठिकाने खोले, तीन मकानों में जांच, दो एसआई और दो जवानों को भी घेरा

महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के बाद सक्रिय सीबीआई ने दूसरे दिन भी छापे मारे। टीम ने राज्य पुलिस के अधिकारी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी समेत पांच पुलिस कर्मियों के ठिकानों पर पड़ताल की। दरअसल, बुधवार को छापे के दौरान माहेश्वरी अनुपस्थित थे, इसलिए सीबीआई ने उनके रायपुर, राजनांदगांव और डोंगरगांव आवास को सील कर दिया था। आज यहां उनकी उपस्थिति में आवास खोला गया। उनके अलावा दो एसआई व दो जवानों को भी सीबीआई ने घेरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीआई ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई पुलिस अफसर-कर्मियों के ठिकानों पर धावा बोला था। कई राज्यों में एक साथ छापा मारा गया था। दूसरे दिन सौम्या चौरसिया के करीबी माने जाने वाले जगदलपुर में तैनात पुलिसकर्मी सूरज कश्यप, भिलाई क्राइम ब्रांच के तत्कालीन एएसआई पूर्ण बहादुर टिर्की, एएसआई सम्मित मिश्रा तथा भिलाई, छावनी थाने में तैनात अमित दुबे के निवास पर सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। जिन एसआई तथा पुलिसकर्मियों के यहां सीबीआई ने दबिश दी है, उन सभी को शुक्रवार को अपना बयान दर्ज कराने रायपुर स्थित सीबीआई कार्यालय में तलब किया गया है। ⏭ शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

और लोगों पर कसेगा शिकंजा

ईओडब्लू ने अपनी एफआईआर में महादेव सट्टे की रकम पहुंचाने वाले दो दर्जन से ज्यादा मनी कुरियर ब्वाय का उल्लेख किया है। सीबीआई ने मनी कुरियर करने वालों को अभी जांच के दायरे से बाहर रखा है। जिन लोगों के यहां सीबीआई ने बुधवार को छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों के यहां मिले इनपुट के आधार पर सीबीआई आने वाले दिनों में मनी कुरियर का काम करने वाले लोगों पर शिकंजा कस सकती है।

ईडी और सीबीआई रेड पर षड्यंत्र

भूपेश बोले, जिन लोगों ने महादेव सट्टा रोकने का काम किया, उनके यहां ही पड़ रहे छापे

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उनका आरोप है कि देशभर में भाजपा नेताओं के संरक्षण में महादेव सट्टा एप संचालित हो रहा है। हमारी सरकार ने उसे रोकने कार्रवाई की थी, जिस वजह से आज केंद्र सरकार के इशारे पर हम पर कारवाई की गई। साथ ही उन अधिकारियों पर कार्रवाई की, जिन्होंने महादेव सट्टा रोकने के ⏭ शेष पेज 7 पर

प्रदीप मिश्रा पर भी हो कार्रवाई

उन्होंने कहा, महादेव सट्टा चल रहा है, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पूरा संरक्षण है। कल छापेमारी करके केंद्र सरकार ⏭ शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना बंद
रोज बच रहा 30 लाख अंडों का स्टॉक

1100 करोड़ अंडों का कुवैत जाना बंद, रेट वार में घट गए दाम

राजकुमार ग्वालानी ⏭ रायपुर

दक्षिण के राज्यों से हर माह 15 सौ करोड़ अंडे कुवैत जाते हैं, लेकिन कुवैत ने 60 ग्राम से कम वजन वाले अंडे लेना बंद कर दिया, तो अब 11 सौ करोड़ अंडों का जाना बंद हो गया। ऐसे में दक्षिण के राज्यों से देशभर में अंडों का स्टॉक भेजा जा रहा है, इससे रेट वार प्रारंभ हो गया और अंडों के दाम जमीन पर आ गए हैं। अपने राज्य में भी आंध्र प्रदेश के अंडों के आने के कारण यहां पर कीमत कम हो गई है। पोल्ट्री फार्म में इस समय अंडों की कीमत चार रुपए है, जबकि दुकानों में 4.50 से 5.00 रुपए में मिल रहे हैं। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि ⏭ शेष पेज 7 पर

खास खबर

कुवैत जाना क्यों हुआ कम

कुवैत में भारत से हर माह तीन सौ कंटेनर अंडे जाते हैं, एक कंटेनर में करीब पांच लाख अंडे होते हैं। यानी डेढ़ हजार करोड़ अंडों की खपत कुवैत में होती है। लेकिन अब कुवैत में अंडे कम जा रहे हैं। इसका कारण यह कि कुवैत वाले 60 ग्राम से कम अंडे नहीं ले रहे हैं। कुवैत से अब 60 से 70 ग्राम के अंडों की ही डिमांड है। ऐसे में अब एक माह में 80 कंनेटर ही जा रहे हैं तो देश में 11 सौ करोड़ अंडों का स्टॉक बच रहा है। इसी स्टॉक को दक्षिण के राज्य दूसरे राज्यों में खपा रहे हैं तो रेट कम हो गया है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

APPROVAL & RECOGNITION

Accredited by NAAC with Grade 'A++' | UGC Graded Autonomy(Category-I) | NBA Accredited | ICAR Accredited | NABL Accredited | NABH Accredited

AICTE Approved | NMC Approved | DCI Approved | PCI Approved | BCI Approved | INC Approved | VCI Approved

PROGRAMMES OFFERED

B.TECH PROGRAMMES
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)

M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering

MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)

M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathemetics
Biotechnology
Integrated (M.Sc. Biotechnology)

COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)

PHARMACEUTICAL PROGRAMMES
B.Pharm.
M.Pharm.

LAW PROGRAMMES
BA LLB (H) - Integrated Law
BBA LLB (H) - Integrated Law
LLB (H) - 3 Years Law
LLM

HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)

NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)

AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture

VETERINARY SCIENCE AND ANIMAL HUSBANDRY PROGRAMME
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc. & A.H.)

nirf National Institutional Ranking Framework 2024
14th in University Category
26th in Engineering Category
21st in Medical Category
09th in Dental Category
09th in Law Category

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
64 in QS Southern Asia University Ranking
278 in QS Asia University Ranking
1201- 1400 in QS World University Ranking
Instituion of Happiness
Recognized by QS I-Guage

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
801-1000 in THE World University Ranking
401- 500 in Engineering Technology
601- 800 in Computer Science
801-1000 in Health Sciences

To apply for admission through SAAT 2025,
Visit: www.soa.ac.in

LIVSPACE

किचन इतना बढ़िया,
नज़र तो उतारनी ही पड़ेगी

पाएं आकर्षक किचन और वार्डरोब लिवस्पेस एक्सपीरियंस सेंटर में

Walk in and get **20% off***
Bring this ad for an **additional discount***
Get flat **10-year** warranty*

*T&C Apply.

Call us at: 080 4775 9147 | **Visit us:** Bajaj Plywood Showroom, Beside Shriyog Sales, Balaji Ward, Jagdalpur, Bastar, Chhattisgarh - 494001

मंगल पर बसने की तमन्ना है? वहां की धूल तो 'जहरीली' है, स्टडी में चौंकाने वाली बात पता चली

न्यूयार्क। पिछले कुछ समय से मंगल ग्रह को लेकर खूब बातें हुई हैं। वहां को लेकर हजारों रिसर्च धरती पर हो रहे हैं। दुनिया के तमाम लोग मंगल पर बसने का सपना देख रहे हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। हुआ यह है कि हाल ही में एक स्टडी में पाया गया है कि मंगल की धूल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। इस धूल में मौजूद जहरीले तत्व सांस लेने की समस्या और अन्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

मंगल की धूल सेहत के लिए खतरा

दरअसल, इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर एक स्टडी सामने आई है। स्टडी के मुताबिक वैज्ञानिकों ने पाया है कि मंगल की धूल बेहद महीन होती है। जो इंसानों के फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकती है और रक्त प्रवाह तक पहुंच सकती है। इस धूल में सिलिका जिप्सम और कई प्रकार की धातुएं पाई जाती हैं। जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इतना ही नहीं, वहां इंसानी मिशन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

धूल में मौजूद हैं विषैले तत्व

वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल की धूल बहुत नुकीली और खुरदरी तो नहीं है, लेकिन यह हर जगह चिपक जाती है और महीन कण फेफड़ों में जमा हो सकते हैं। स्टडी के मुताबिक मंगल ग्रह की धूल चंद्रमा की धूल से अधिक खतरनाक हो सकती है, क्योंकि इसमें विषैले तत्व भी मौजूद हैं। अपोलो मिशन के दौरान चंद्रमा की धूल ने अंतरिक्ष यात्रियों को खांसी आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

माइक्रोग्रैविटी, रेडिएशन बीमारियों का खतरा

साथ ही स्टडी में यह भी बताया गया है कि मंगल की धूल में मौजूद सिलिका फेफड़ों की बीमारी सिलिकोसिस का कारण बन सकती है, जो कोयला खनिकों में आमतौर पर देखी जाती है। इसके अलावा इस धूल में मौजूद पर्क्लोरेट्स और अन्य जहरीले धातु जैसे क्रोमियम और आर्सेनिक सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि मंगल पर मौजूद माइक्रोग्रैविटी और रेडिएशन के कारण इन तत्वों का असर और अधिक खतरनाक हो सकता है।

रोचक खबरें

समुद्र के बीच रहस्यमयी टापू पर है दुनिया का सबसे अलग लाइटहाउस

लंदन। दुनिया में कई लाइटहाउस हैं, लेकिन क्या आपको दुनिया का सबसे दूरस्थ लाइटहाउस के बारे में पता है। आइसलैंड में स्थित थ्रीडरंगर लाइटहाउस को दुनिया का सबसे दूरस्थ लाइटहाउस कहा जाता है। सबसे हैरानी की बात है कि यह समुद्र के बीचों-बीच एक ऊंची चट्टान पर स्थित है। यह पर जाना किसी एडवेंचर से कम नहीं है। आइसलैंड के दक्षिणी तट से करीब 7.2 किलोमीटर दूर, तीन खड़ी चट्टानों के समूह में से एक पर थ्रीडरंगर लाइटहाउस को बनाया गया है। इसका निर्माण 1939 में किया गया था। तब से ही यह समुद्र में नाविकों और जहाजों के लिए मार्गदर्शक का काम करता है। इसकी खासियत यह है कि एक खतरनाक और दुर्गम स्थान पर स्थित है। इस स्थान पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर की सहायता लेनी पड़ती है। इस लाइटहाउस को साल 1939 में बनाया गया था। उस समय आज की तरह तकनीक का इतना विकास नहीं हुआ था। खतरनाक चट्टानों पर मजदूरों और इंजीनियरों ने चढ़कर और सीमित संसाधनों से इस अद्भुत संरचना का निर्माण किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लाइटहाउस को बनाने के लिए हेलीकॉप्टर और रस्सियों की मदद ली गई थी, जिससे आवश्यक निर्माण सामग्री को वहां तक पहुंचाया जा सके।

लड़के ने ऑनलाइन मंगवाया खाना, 15 हजार किलोमीटर दूर डिलीवर हुआ ऑर्डर

मेलबर्न। आजकल ऑनलाइन खाना मंगवाना इतना आसान है कि आप अपने शहर के किसी भी कोने में हों, आपको बड़े आराम से खाना डिलीवर हो जाएगा। आप किसी दूसरे शहर में भी हों, तो भी आप अपने शहर में परिवार को खाना भेज सकते हैं। पर इस सुविधा में कुछ गड़बड़ियां भी हो जाती हैं, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। एक लड़के के साथ भी ऐसा ही हुआ। उसने अपने और दोस्तों के लिए खाना मंगवाया, पर जब उसने देखा कि खाना कहां डिलीवर हो रहा है तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि वो खाना 15 हजार किलोमीटर दूर डिलीवर हो रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार ओयसिन लेनहैन 29 साल के हैं और ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। वैसे तो वो आयरलैंड के बेलफास्ट के रहने वाले हैं पर 6 साल पहले ही मेलबर्न शिफ्ट हुए थे। वहां वो अपने दोस्त कायल और सारा के साथ रहा करते थे। एक शाम सभी दोस्त साथ में थे जब ओयसिन ने तय किया कि वो दोस्तों के लिए खाने को चीजें मंगवाएंगे। उन्होंने 65 डॉलर का खाना मंगवाया था। खाने में चिकन पिज्जा, गार्लिक ब्रेड, चिप्स आदि शामिल थे जो ऊबर ईट्स के द्वारा ऑर्डर किया गया था। जब वो ऑर्डर कर रहे थे तो उन्हें लगा कि वो लोकल रेस्टोरेंट से ऑर्डर कर रहे हैं। पर जब उन्होंने देखा कि उनका ऑर्डर कहां डिलीवर हो रहा है तो उनके होश उड़ गए। उनका ऑर्डर करीब 15 हजार किलोमीटर दूर, आयरलैंड के एमराल्ड आइल्स में डिलीवर हो रहा था। वहां वो कभी रुके थे और उस वक्त अपने पते के तौर पर जगह की लोकेशन को सेव कर लिया था।

च्युइंग गम खाते हैं तो सावधान, वैज्ञानिकों ने जारी की खतरनाक चेतावनी

न्यूयार्क। च्युइंग गम चबाने की आदत लगभग हर उम्र के लोगों में पाई जाती है, खासकर बच्चों और यंगस्टर्स में। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि यह आपकी सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है? जी हां, हाल ही में हुए एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि च्युइंग गम चबाना सेहत के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। दरअसल, जिस च्युइंग गम को आप बड़े चाव से खाते हैं उस च्युइंग गम के जरिए हमारे शरीर में हर साल हजारों माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं। जिससे हमें कैंसर जैसी भयानक बीमारियां भी हो सकती हैं। च्युइंग गम में पाया जाने वाला माइक्रोप्लास्टिक्स सूक्ष्म प्लास्टिक कण होते हैं, जिनका आकार 5 मिलीमीटर से भी छोटा होता है। ये माइक्रोप्लास्टिक हवा, पानी, खाने-पीने की चीजों और अब च्युइंग गम में भी मौजूद होते हैं। रिसर्चर्स के अनुसार, जब से खतरनाक कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो ये कोशिकाओं और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे गंभीर बीमारियों के साथ-साथ कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। ये रिसर्च अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलेस ने की। जिसमें पाया गया कि च्युइंग गम चबाने से लार में माइक्रोप्लास्टिक कण घुल जाते हैं, जो निगलने के बाद हमारे पाचन तंत्र तक पहुंच जाते हैं। एक नॉर्मल इंसान हर साल लगभग 15 क्रेडिट कार्ड के बराबर माइक्रोप्लास्टिक्स निगल जाता है। जो कि इस खतरे को कई गुना बढ़ा देता है।

साल का पहला सूर्यग्रहण होगा खतरनाक आंखों से देखना पड़ सकता है भारी

वॉशिंगटन। साल 2025 का पहला सूर्यग्रहण दो दिन बाद इस शनिवार को होने जा रहा है। यह एक आंशिक सूर्यग्रहण होगा जिसे उत्तरी अमेरिका के साथ ही पश्चिमी यूरोप, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका और रूस में देखा जा सकेगा। इसके साथ ही यह संभवतः सबसे खतरनाक भी होगा। पर्यवेक्षकों का कहना है कि शनिवार को लगने वाला सूर्यग्रहण आंखों के लिए खतरनाक हो सकता है। खास बात ये है कि साल का पहला आंशिक सूर्यग्रहण इसी महीने हुए ब्लड मून यानी पूर्ण चंद्रग्रहण के दो सप्ताह बाद हो रहा है। यह सूर्यग्रहण क्यों खतरनाक होगा, इसे हम आपको बताएंगे लेकिन उसके पहले इसके बारे में जान लेते हैं।

सूर्यग्रहण क्या होता है?

सूर्यग्रहण एक खगोलीय घटना है, जो उस दौरान होती है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच



में चंद्रमा आ जाता है। चंद्रमा की मौजूदगी सूर्य के प्रकाश को अवरुद्ध कर देती है और हमें सूरज छिपा हुआ दिखाई देता है। सूर्यग्रहण तीन प्रकार का होता है- पूर्ण, आंशिक और वलयाकार या रिंग ऑफ फायर। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान तो दिन में अंधेरा छा जाता है।

आंशिक होगा सूर्यग्रहण

इस बार लगने जा रहा सूर्यग्रहण आंशिक होगा। यह तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी से अपेक्षाकृत दूर होता है, जिसके चलते इसका आकार छोटा होता है और यह सूर्य के कोरोना को पूरी तरह से नहीं ढंक पाता है। हालांकि, कुछ हिस्सों में यह सूर्य की डिस्क को 93.8 प्रतिशत तक ढंक लेगा। कनाडा के उत्तरी क्यूबेक के नुनाविक स्थित गांव में रहने वालों को सबसे बड़ा ग्रहण दिखाई देगा।

क्यों खतरनाक है इस बार सूर्यग्रहण?

पर्यवेक्षकों का कहना है कि सूर्य कभी भी पूरी तरह से ढका नहीं होगा, इसलिए इसे देखना खतरनाक होगा। ग्रहण के दौरान सूर्य को देखने के लिए ग्रहण का चश्मा या सोलर फिल्टर की आवश्यकता होगी। इसे धूप के चश्मे के साथ न देखने की सलाह दी गई है। फोटोग्राफरों को सौर फिल्टरों का इस्तेमाल करना चाहिए।

2029 में होगा अगला आंशिक सूर्यग्रहण

इसे देखने के लिए सबसे अच्छी जगहें अंटार्कटिका और न्यूजीलैंड होंगी, जहां चंद्रमा सूर्य के 73 प्रतिशत हिस्से को ढंका दिखाई देगा। इसके बाद पृथ्वी पर अगला आंशिक सूर्यग्रहण 2029 में होगा। इस दौरान 2026, 2027 और 2028 में लगने वाले सभी सूर्यग्रहण पूर्ण और वलयाकार होंगे। हालांकि, कुछ हिस्सों में वलयाकार सूर्यग्रहण के दौरान हल्का आंशिक ग्रहण देखने को मिलेगा।



उत्तरी अमेरिका में आखिरी सूर्यग्रहण?

इस ग्रहण का सबसे ज्यादा असर उत्तरी अमेरिका में होगा, जहां यह साल 2025 का पहला और आखिरी सूर्यग्रहण होगा। हालांकि, इस साल एक और आंशिक सूर्यग्रहण होगा, लेकिन 21 सितम्बर को होने वाले इस सूर्यग्रहण को केवल दक्षिणी गोलार्द्ध में देखा जा सकेगा। अमेरिकी समय के अनुसार, यह सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगा और सुबह 8.43 बजे समाप्त होगा। हालांकि, इसे अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग समय में देखा जा सकेगा। चूंकि इसका छाया पथ भारतीय क्षेत्र से नहीं गुजरेगा, ऐसे में भारत से इसे नहीं देखा जा सकेगा।

चीन के डॉक्टरों ने किया कमाल, पहली बार इंसान के शरीर में ट्रांसप्लांट किया सुअर का लिवर

बीजिंग। चीन के डॉक्टरों ने मेडिकल क्षेत्र में चमत्कार कर दिखाया है। बुधवार को चीन ने बताया कि उसके डॉक्टरों ने पहली बार आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के लिवर (यकृत) को इंसान में प्रत्यारोपित किया है। यह प्रत्यारोपण एक ब्रेन-डेड इंसान में किया गया है, जिसने भविष्य में रोगियों के लिए जीवन-रक्षक दाता विकल्प की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। पिछले कुछ वर्षों में सुअर इंसानों के लिए सबसे अच्छे अंग दाता के रूप में सामने आए हैं। अमेरिकी डॉक्टरों ने बीते कुछ समय में डॉक्टरों ने रोगियों ने सुअर के गुर्दे (किडनी) और दिल प्रत्यारोपित किए हैं।

10 दिनों तक किया गया परीक्षण

अध्ययन के अनुसार, 10 मार्च 2024 को एक छोटे सुअर के लिवर को ब्रेन डेड वयस्क में प्रत्यारोपित किया गया है। इस लिवर में बेहतर दाना बनाने के लिए छह जीन को संशोधित किया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि परिवार के अनुरोध पर 10 दिनों के बाद परीक्षण समाप्त कर दिया गया। इस दौरान सख्त नैतिक दिशा-निर्देशों का पालन किया गया था। डॉक्टरों ने रोगी के नाम, लिंग और अन्य विवरण का खुलासा नहीं किया था।

अच्छी तरह से काम कर रहा था सुअर का लिवर

अध्ययन के सह लेखक शीआन अस्पताल के लिन वांग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सुअर का लिवर बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा था और सुचारू रूप से पित्त का उत्पादन कर रहा था। साथ ही यह प्रमुख प्रोटीन एल्ब्यूमिन का उत्पादन भी कर रहा था। उन्होंने इसे 'बड़ी उपलब्धि' बताया जो भविष्य में लिवर की समस्या वाले रोगियों की मदद कर सकती है।

रोगी के पास था अपना लिवर

अध्ययन के अनुसार, इस दौरान रोगी का मूल लिवर मौजूद था और इस तरह के प्रत्यारोपण को सहायक ट्रांसप्लांट कहा जाता है। डॉक्टरों ने उम्मीद जताई है कि इस तरह का प्रत्यारोपण मानव दाता की प्रतीक्षा कर रहे बीमार लोगों के मौजूदा लिवर को सहारा देने के लिए पुल अंग के रूप में काम कर सकता है। 10 दिनों में डॉक्टरों ने लिवर के रक्त प्रवाह, पित्त बनाने, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और अन्य प्रमुख कार्यों की निगरानी की।

विदेश में बसने का मौका, रहने के लिए अपना घर, यहां की सरकार खुद आपको देगी 93 लाख रुपए

रोम। दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जहां की सरकार इस बात से परेशान है कि उनके यहां लोग ही नहीं रहते हैं। यही कारण है कि ऐसे देश की सरकार लोगों को गजब का ऑफर देकर अपने यहां बुलाती है। ऐसा ही एक गांव इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में आया है। जहां सरकार लोगों को बसने के लिए 93 लाख रुपए दे रही है। इस दुनिया में कई ऐसे मुल्क हैं जो काफी ज्यादा खूबसूरत हैं, लेकिन यहां पर जनसंख्या इतनी कम है कि वहां की सरकार दूसरे देश के लोगों को लुभावने ऑफर दे रही है। आलम तो ऐसा है कि कई देशों में तो आबादी घटने की वजह से पूरे-पूरे गांव ही खाली हो गए हैं। वैसे अगर देखा जाए तो इटली और जापान में कई ऐसे गांव हैं जो पूरी तरीके से खाली हैं। ऐसे में यहां कि मौजूदा सरकार यहां पर लोगों को पैसे देकर बसने के लिए बुला रही है। इसी कड़ी में इटली का एक गांव लोगों के बीच चर्चा में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इटली के उत्तरी प्रांत त्रेनतिनो में एक ऐसा ही ऑफर लोगों को दिया जा रहा है। सरकार का कहना है कि यहां पर वीरान पड़े हुए घरों में रहने के लिए अगर कोई आता है, तो उसे 100000 यानी भारतीय मुद्रा में कुल 92,69,800 रुपए दिए जाएंगे। अगर इसके ब्रेकअप को देखें तो यहां आपको 80,000 यानी 74,20,880 रुपए घर की मरम्मत के लिए मिलेंगे और यहां आपको घर खरीदने के लिए 18,55,220 रुपए दिए जाएंगे।

यह घटना चीन के जिलिन प्रांत की है, जहां कपल 'हैंड ईटिंग'नामक एक वायरल सोशल मीडिया चैलेंज कर रहा था

बॉयफ्रेंड के मुंह में फंस गया गर्लफ्रेंड का हाथ, हालत देख डॉक्टर शॉक्ड

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के जिलिन प्रांत में बीते दिनों एक अजीब घटना हुई, जो अब सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। एक वायरल चैलेंज को आजमाने के दौरान एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका का हाथ मुंह में फंसा लिया, फिर जो हुआ उसका वीडियो इंटरनेट पर अब वायरल है। एक अस्पताल के डॉक्टर उस समय दंग रह गए, जब एक व्यक्ति अपनी गर्लफ्रेंड का हाथ मुंह में फंसाए हुए और दर्द से कराहता हुआ उनके पास पहुंचा। पूछने पर कपल ने बताया कि दोनों एक वायरल सोशल मीडिया चैलेंज को आजमा रहे थे, लेकिन तभी महिला का हाथ उसके प्रेमी के मुंह में फंस गया। सोशल मीडिया पर इस अजीबोगरीब घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसे लेकर नेटिजन्स तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

मुंह की मांसपेशियों में हो गई थी ऐंठन

डॉक्टरों ने जांच में पाया कि शख्स के मुंह की मांसपेशियों में ऐंठन हो गई थी, जिससे जबड़ा लॉक हो गया था। वहीं, दर्द के मारे वह महिला के हाथ को जोर से काट रहा था, जिससे स्थिति और बिगड़ रही थी. रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने घबराए हुए शख्स को शांत करने के लिए म्यूजिक बजाई और मुंह की मांसपेशियों को ढीला करने की दवा दी। फिर धीरे-धीरे महिला की कलाई घुमाया और 20 मिनट में दोनों को अलग कर दिया।

चैलेंज हो सकते हैं खतरनाक

यह घटना सोशल मीडिया पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। इसके साथ ही यह एक सबक है कि इंटरनेट पर वायरल हुए चैलेंज मजेदार लग सकते हैं, पर खतरनाक भी हो सकते हैं। इसलिए किसी भी वायरल ट्रेंड में कूदने से पहले उसके संभावित खतरों के बारे में अच्छी तरह से जान लेना चाहिए। क्योंकि, आपका जीवन अनमोल है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह विचित्र घटना चीन के जिलिन प्रांत में 18 मार्च को हुई, जहां कपल 'हैंड ईटिंग'नामक एक वायरल सोशल मीडिया चैलेंज कर रहा था। इस चैलेंज में महिला ने अपनी मुट्ठी प्रेमी के मुंह में डाल दी, लेकिन जब हाथ निकालने की कोशिश की, तो वह मुंह में ही फंस गया।

महिला ने कहा, ऐसा लगा जैसे मेरा हाथ किसी मांस की चक्की में फंस गया हो। इसके बाद बॉयफ्रेंड के गले से गड़गड़ की आवाज आई, और महिला की कलाई से कोहनी तक लार बहने लगी। दोनों ने हाथ निकालने की कई नाकाम कोशिश की, इसके बाद अस्पताल की ओर दौड़ पड़े।

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 | चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 23, अंक : 249 | पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

किसानों के साथ पूरे बस्तर की समस्या है

वास्तव में इन्द्रावती नदी के सूखने से नदी किनारे रहने वाले गांव के किसान और ग्रामीण फसल के बर्बाद होने से चिंतित है। सरकार और पार्टी इन्द्रावती जल संकट को लेकर गम्भीर है। इस समस्या के निराकरण के लिए हर स्तर पर पहल की जाएगी। यह समस्या केवल किसानों की नहीं बल्कि पूरे बस्तरवासियों की है, क्योंकि फसल के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था भी इन्द्रावती पर निर्भर है।

- किरण देव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक

इंद्रावती हाईजेक, ओडिशा में रुका पानी, सूखी

नदी को बच्चों ने बनाया क्रिकेट का मैदान

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की जीवनदायिनी इन्द्रावती नदी इस समय खतरे में है। हालत यह है कि सूखी इन्द्रावती की रेतीली जमीन पर बच्चे और युवा क्रिकेट और वॉलीबॉल खेल रहे हैं। ओडिशा से निकली इन्द्रावती नदी बस्तर के लोगों के लिए हमेशा से जीवनदायिनी रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ और ओडिशा मे हमेशा से अलग-अलग दल की सरकार होने से इन्द्रावती जल संकट का समाधान अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से लगभग पांच दशक बाद भी नहीं सुलझ पाया है। नदी के पानी का ज्यादा हिस्सा ओडिशा इस्तेमाल कर रहा है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार

खास बातें

- नदी सूखने से फसल बर्बाद, पशुओं तक को नहीं मिल रहा पानी
- हैंडपंप से और डबरी से पानी लेकर भोजन और नहाने की जुगाड़ कर रहे ग्रामीण
- बस्तर में सूखे की स्थिति, वहीं ओडिशा में लहलहा रही है फसल

छत्तीसगढ़ और ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार होने से नदी समस्या के सुलझने के आसार

इंद्रावती नदी की स्थिति जोरा नाला से भी दयनीय

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे प्रकाश चंद्र सेठी के समय ओडिशा सरकार के साथ वहां कि मुख्यमंत्री नंदिनी सतपथी के बीच करार हुआ था। गैर मानसून सीजन में दोनों राज्यों को 50-50 प्रतिशत पानी का बंटवारा पर निर्णय लिए गये थे, लेकिन जल समझौते के शर्तों का हमेशा से ओडिशा सरकार ने अनदेखी की। यही कारण है कि 1972 में हुए करार का नुकसान आज भी छत्तीसगढ़ को हो रहा है, जबकि ▶▶|शेष पेज 7 पर

तीनों जगह पहली बार भाजपा की सरकार होने से उम्मीद बढ़ी

ऐसा पहली बार दिख रहा है कि छत्तीसगढ़ ओडिशा के साथ-साथ केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। इसलिए बस्तर किसान संघर्ष समिति को यह उम्मीद है कि यह समय इन्द्रावती को बचाने का सबसे शानदार मौका है। ओडिशा सरकार ने अपने फायदे के लिए कई डैम बनाकर किसानों को मालामाल कर दिया, अब छत्तीसगढ़ सरकार और बस्तर के भाजपा के बड़े नेताओं की बारी है। बड़े चकवा ग्राम पंचायत के उप सरपंच युवा नेता पूरन सिंह ▶▶|शेष पेज 7 पर

पुलिस और सेना की संयुक्त टीम का सर्च ऑपरेशन

कठुआ में मुठभेड़, मार गिराए तीन आतंकवादी, तीन जवान शहीद

एजेंसी ▶▶| जम्मू

कठुआ के घने जंगलों में घात लगाकर बैठे आतंकियों को सबक सिखाने के लिए सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि आतंकी जंगलों के रास्ते से गुजर रहे हैं। इसके बाद जवानों ने इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे करीब पांच आतंकियों के एक समूह को घेर लिया था। मुठभेड़ कठुआ के राजबाग क्षेत्र के जुजाना इलाके के जखोले गांव के पास हुई।

पुलिस, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में आतंकियों को घेरने के बाद दोनों ओर से भारी गोलीबारी और विस्फोट हुए। इस दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया गया। आतंकियों की फायरिंग में पांच सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए थे। इनमें से दो शहीद हो गए। शुरुआती हमले में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) भरत चलोत्रा के चेहरे पर चोटें आईं। उन्हें पहले कठुआ के अस्पताल ले जाया ▶▶|शेष पेज 7 पर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में गुरुवार को तीन जवान शहीद हो गए। जवानों ने तीन आतंकी मार गिराए। सुबह से जारी मुठभेड़ में डीएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इनमें से तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। इन्हें जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के इन जवानों को पेट में गोली लगी थी।

- डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी हुए थे घायल
- ऑपरेशन ग्रुप के जवानों को पेट में लगी थी गोली

तीन सुरक्षाकर्मी फंसे

मुठभेड़ स्थल के पास एक छोटी नदी और घने जंगल होने के कारण इलाके में तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार एक उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) समेत तीन सुरक्षाकर्मी कुछ समय के लिए आतंकियों के नजदीक फंस गए थे। सुरक्षा बल पूरे इलाके की गहन तलाशी ले रहे हैं और मुठभेड़ अभी भी जारी है।

हाल में हुई घटनाएं

- **16 फरवरी :** जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर स्नाइपर फायरिंग, एक भारतीय जवान घायल
- **13 फरवरी :** पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की खबर, सेना ने खंडन किया
- **11 फरवरी :** एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद, एक घायल
- **4 फरवरी :** सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया
- **19 जनवरी :** सोपोर मुठभेड़ में एक जवान शहीद
- **14 जनवरी :** एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट 6 जवान घायल

रविवार से किया जा रहा आतंकियों का पीछा: यह मुठभेड़ उस सर्च ऑपरेशन का हिस्सा है जो रविवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में शुरू हुआ था। उस दौरान विशेष अभियान समूह ने आतंकियों को इंटरसेप्ट किया था, लेकिन वे सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। इसके बाद से ही सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया हुआ था।

सीजेआई से मिले बार के नेता

सीजेआई से जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बार के नेताओं को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के स्थानांतरण की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने दी। छह बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रधान न्यायाधीश और कॉलेजियम के अन्य सदस्यों से मुलाकात की।

हड़ताल पर वकील

गौरतलब है कि न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय में वापस भेजे जाने के प्रस्ताव के विरोध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन 25 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

डीएसपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले के अजाक थाने में पदस्थ डीएसपी रैंक के अधिकारी पर यौन शोषण का मामला दर्ज हुआ है। जामुल क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने पद्मनाभपुर थाने में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई। युवती ने डीएसपी पर शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने की बात कही है। यही नहीं, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। युवती की शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने 26 मार्च 2025 को डीएसपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3), 69 के तहत अपराध दर्ज कर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- पद्मनाभपुर थाने में युवती ने दर्ज कराई शिकायत
- बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज

पुलिस ने शुरू की विवेचना

पुलिस के अनुसार युवती ने यह भी बताया कि डीएसपी मिंज पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। यह बात भी युवती से छिपाई और बार-बार शादी का प्रलोभन देता रहा। युवती ने शिकायत में यह भी बताया कि शादी का दबाव बनाने पर उसके साथ मारपीट की और गाली गलौच भी किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। युवती की शिकायत की जांच के बाद पद्मनाभपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस की विवेचना जारी है।

सीएम साय बोले-पीएम मोदी 33 हजार करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। नवरात्र के शुभ दिन में उनका आगमन हो रहा है, जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक शुभ संकेत है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया था। हमने कहा कि काफी दिन हो गए छत्तीसगढ़ की जनता आपको ▶▶|शेष पेज 7 पर

- प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री

हितग्राहियों को लाने की जिम्मेदारी प्रशासन की

प्रधानमंत्री बड़े अरसे बाद स्वयं यहां आने वाले हैं इसलिए मैं नजदीकी से तैयारी का जायजा लेने पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले हितग्राहियों को कोई परेशानी ना हो। सबको उनके घर से लाने और वापस घर पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन एवं अधिकारियों की है। इस दौरान उन्हें किसी तरह की खान-पान सेहत आदि की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने लगी है। इसे ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्था इसके अनुरूप किया जाए।

गैलेक्सी हमले पर पहली बार बोले सलमान

जितनी उम्र लिखी है उतनी तो रहेगी ही न

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- लॉरेंस के गुर्गों ने की थी फायरिंग

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को बीते कई महीनों से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बीते दिनों उनके घर पर फायरिंग भी हुई। इस पर उन्होंने खुल कर बात की है। सलमान खान ने कहा लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी दी जा रही थी इसलिए, सुरक्षा बढ़ाई और आना-जाना कम करना पड़ा। सलमान खान से पूछा गया कि क्या वह अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं। इस पर सलमान खान कहा -भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। बस यही है।

लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास, चर्चा का गृहमंत्री ने दिया जवाब

भारत धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां हर कोई आकर बस जाए। उन्होंने कहा कि आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे ▶▶|शेष पेज 7 पर

इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 के प्रावधान

- भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य
- जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा
- वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा



ऐसा विदेशी माना जाएगा गैरकानूनी: अब तक एजेंसियां विदेशियों को ब्लैक लिस्ट करती थीं। इसका कोई औचित्य नहीं था। इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 कानून 36 धाराओं में है। इसमें पूरे प्रोसेस को कानूनी रूप दिया गया है। सारे एक्शन इसी हिसाब से होंगे। कोई विदेशी एयरपोर्ट या बंदरगाह की जगह कहीं से आएगा तो उसे गैरकानूनी माना जाएगा।

शाह 4 को रायपुर में करेंगे बैठक, पांच को जाएंगे दंतेवाड़ा

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिववसीय दौरे पर आने वाले हैं। चार अप्रैल की शाम को यहां पहुंचने के बाद वे रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रदेश के अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दों पर बैठक करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन वे दंतेवाड़ा जाएंगे, जहां पर वे पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

चिंतन

बाहर से आने वालों पर कठोर निगरानी जरूरी

अमेरिका समेत दुनिया भर में जब अवैध प्रवासी को लेकर चर्चा गर्म है और हर देश अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों को बाहर करने के लिए प्रयासरत है, तब भारत में प्रवासन नीति को लेकर विधेयक पर चर्चा ध्यान खींचती है। आजादी के बाद से भारत बाहर से आने वालों को लेकर अधिक सख्त नहीं रहा है। इसका कारण है कि भारत से अलग हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा पड़ोसी नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान से लोग भारत आकर रहते-बसते रहे हैं। भारत बाहरी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित मुल्क रहा है, लेकिन आज स्थिति बदल रही है। गलत नीयत से आने वाले प्रवासी, अवैध नागरिक भारत के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। भारत के डेमोग्राफी में बदलाव की नीयत से, आतंकवाद, उपद्रव, अशांति फैलाने के उद्देश्य से लोग आने लगे हैं, जो भारत के लिए चिंता की बात है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान जवाब में दो टूक संदेश दिया है कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रहे, अशांति के लिए आने वालों से सरकार कठोरता से निपटेगी।' देखा गया है कि देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवाद, हिंसा, ड्रग्स तस्करी आदि में लिप्त रहे हैं, जो देश की शांति में खलल के कारण बन रहे हैं। भारत सरकार की प्रवासन नीति कठोरता और करुणा का मिश्रण है। नए विधेयक में प्रावधान है कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शांति व सुरक्षा के लिए यह नीति जरूरी है। भारत में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को यह जानने का अधिकार है। दुनिया के सभी देशों में बाहर से आने वालों के लिए कठोर नियम है। भारत भी इस दिशा में बढ़ रहा है, जो सकारात्मक है। भारत ने अभी तक शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और देश को किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भारत में आ रहे हैं। कालक्रम में अनेक लोग बसने के लिहाज से आए। लेकिन अब स्थिति बदली हुई है, अशांति फैलाने वालों को रोकना जरूरी है। चूंकि, पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। भारत के विकास में योगदान करने के लिए आने वाले देश के लिए असेट होंगे, लेकिन अस्थिरता व अशांति फैलाने कोई आएंगे तो उनसे कठोरता से निपटना जरूरी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए किस प्रकार सरकार के लिए संकट बने हैं यह किसी से छिपा नहीं है। भारत छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से नागरिकता दे रहा है। भारत को एक सुरक्षित और नागरिक विनियमन राष्ट्र के तौर पर स्थापित करना जरूरी है। नागरिकता को लेकर भारत की सॉफ्ट पावर की छवि को बदल कर कठोर निगरानी के साथ नियम आधारित बनाना ही चाहिए। नागरिकता पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

विश्लेषण

विवेक शुक्ला

नशे के खिलाफ जंग लड़ता भारत

पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया। ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए।

आमतौर पर सिर्फ पंजाब के लिए कहा जाता है कि नशे की लत के कारण पूरा राज्य बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। इस सूची में गोवा, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर भी पीछे नहीं हैं। कहने वाले कहते हैं कि मणिपुर समस्या की सबसे गहरी जड़ नशे के कारोबार से जुड़ी है। पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया।

ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा, और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए। दरअसल अपराध की जो संगठित गिरोहबाजी है, उसमें सबसे बड़ी श्रृंखला नशे की कारोबारियों की है। किसी के पास यह निश्चित आंकड़ा नहीं है कि ड्रग्स सिंडिकेट का कारोबार कितना बड़ा है, लेकिन हर देश को यह अंदाजा जरूर है कि यह गैरकानूनी धंधा पूरे संसार में सबसे बड़ा है और हर देश इससे पीड़ित है और इसे खत्म करने के लिए जूझ भी रहा है। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े अफ़ीम बाज़ारों में से एक है। नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। नशे के कारण होने वाली मौतों की गंभीरता को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1995 में ऐसी मौतों के आंकड़े को अलग करना शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानें तो केवल 2024 में भारत में 16,914 करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए। कुछ देश ऐसे भी हैं जो इसको बढ़ावा भी दे रहे हैं, लेकिन संभवतः उनके यहां सिस्टम नाम की चीज नहीं है और इन पर एक तरह से अपराधियों का ही कब्जा है। दुनिया में पांच ऐसे बड़े देश हैं जहां नशे का कारोबार सबसे अधिक फैलता है। सबसे पहले नंबर पर ईरान है। उसके बाद अफगानिस्तान, फिर रूस, अमेरिका और ब्रिटेन भी। भारत कुछ चंद देशों में शामिल है, जो ड्रग्स सिंडिकेट के निशाने पर हमेशा रहा है। एक तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और दूसरे भारत की सीमाएं चीन,भूटान, नेपाल,पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ लगी होने से ड्रग्स डीलरों के लिए सबसे बड़ी और अपेक्षाकृत आसान मंडी भारत बन गया था। उस पर भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ परोक्ष युद्ध में नशे की खेप को भी एक हथियार बना रखा है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट तो चौंकाने वाली है। दिसंबर 2024 में गृह मंत्रालय के हवाले से यह खबर छपी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ भारत में नशे की खेप भेज



रहा है, बल्कि भारत की जेलों में बंद अपने हैंडलरों को खास संदेश देने के लिए नशेड़ियों को भारत में घुसपैठ भी करा रहा है। आज भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां नशे के सामान सबसे अधिक बेचे और इस्तेमाल किए जाते हैं। ड्रग माफियाओं से भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान हैं। अमेरिका में सबसे अधिक ड्रग एडिक्ट लोग रहते हैं, पर संतोष की बात यह है कि अन्य बड़ी समस्याओं की तरह भारत ने भी नशे की बीमारी को गंभीरता से लिया है और मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत की तरह नशा मुक्त भारत का भी अभियान छेड़ रखा है। क्योंकि नशे का कारोबार केवल हमें आर्थिक क्षति नहीं दे रहा, बल्कि पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। नशे में आदी लोग सामाजिक ताना-बाना को भी चोट पहुंचा रहे हैं। नशेड़ी मारपीट, चोरी, डकैती और कुछ हत्या तक के अपराधी हैं। केंद्र सरकार नशे की चपेट में आए लोगों के प्रति बेहद संजीदगी से पेश आ रही है।

मोदी सरकार की गंभीरता इसी से पता चलती है कि केंद्र सरकार अपने संसाधन से देश में 340 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र चला रही है। न केवल नशे की खेप को आने से रोकने के लिए रणनीतिक साझेदारी के साथ राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर चल रही है, बल्कि पीड़ितों के साथ भी मानवीय आधार पर नशामुक्ति का अभियान चला रही है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ इस काम में मानव संसाधन मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और समाज कल्याण मंत्रालय के साथ साथ राज्य भी भागीदारी कर रहे हैं। नशीले पदार्थ की एक पुड़िया भी बरामद होने के बाद नीचे से ऊपर तक की श्रृंखला को खोद निकाला जा रहा है। नशे का कारोबार चूंकि एक संगठित अपराध है, इसलिए इसका मुकाबला भी संयुक्त प्रयास से ही किया जा सकता है। केंद्र और राज्यों का समन्वय और इससे लगने की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में बहुत गंभीर हैं। अभी हाल ही में अमित शाह ने संसद के जरिए देश को बताया है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर एक चार स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर मैकेनिज्म की स्थापना की है, ताकि संगठित अपराधियों के खिलाफ काम करने वाली केंद्र एवं राज्यों की एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। सभी एजेंसियां एक ही दिशा में काम करें और रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके, इसके लिए एक वेब पोर्टल एनसीओआरडी लॉन्च किया गया है। इसी तरह से एक डेडिकेटेड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का भी गठन किया है। बीएसएफ और असम रायफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों को एनडीपीएस कानून के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ सर्च और सीजर का अधिकार दे दिया गया है। खुद नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड नेवी, कोस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में हमें बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। 2014 से लेकर 2024 तक एक करोड़ किलो ड्रग्स को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है। अमित शाह के कार्यकाल में अभी तक 6 लाख 56 हजार ड्रग्स के केस दर्ज हो चुके हैं। यह रिकॉर्ड 2014 से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। पर सच्चाई यह भी है कि ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं सका है। चोरी छुपे यह लोगों तक पहुंच ही जा रहे हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कही इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं जीत सकती, समाज और राज्यों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। यह ठीक भी है कि नशे के खिलाफ अभियान घरों की चौखट से शुरू होनी चाहिए। नशे की समस्या से निपटने में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रशिक्षित कर्मियों, विशेष उपकरणों, साइकोएक्टिव ड्रग्स व डार्क नेट-क्रिप्टो तक अनेक चुनौतियां भी हैं।

(लेखक पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दो टूक

डॉ. मोनिका शर्मा

सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कई फैसलों पर लगाई है रोक

बीते दिनों आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश से आमजन हैरान-परेशान तो हुए ही, इस टिप्पणी का मुखर विरोध भी हुआ। ज्ञात हो कि अपनी टिप्पणी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया था कि 'किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।' देश के हर हिस्से में बसे लोगों ने इस फैसले का ना केवल विरोध किया बल्कि इसे असंवेदनशील भी माना। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दुष्कर्म संबंधी इस दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस टिप्पणी पर रोक लगा दी है। ध्यातव्य है कि सुप्रीम अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश में की गयी कुछ टिप्पणियों को पूरी तरह से 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण वाली' माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन ये टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं। इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं, जिनमें कहा गया था कि 'महज ... पकड़ना और पायजामे का नाड़ा ... बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता'। गौरतलब है कि पहले इसी मामले में फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। ऐसे में पूरे देश में आक्रोश, चर्चा और चिंता का विषय बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का यह हस्तक्षेप जरूरी और विचारणीय है। देश में बाल शोषण और दुष्कर्म के आंकड़े सचमुच चिंतनीय हैं। यह मामला भी 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से जुड़ा है। असल में बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों को स्पष्टता से समझना मुश्किल होता है। अधिकतर मामलों में तो अपने ही बाल शोषण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देते हैं। नाबालिग बच्चों के मामले में तो दुर्व्यवहार की सीमा और स्थिति का आकलन और मुश्किल हो जाता है।

यही वजह है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी घटनाओं में पहले भी न केवल ऐसे निर्णय आए हैं बल्कि उच्चत्तम न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप भी किया गया है। 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा भी यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़ित के निजी अंगों को स्किन टु स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट) में अपराध नहीं मान सकते। ध्यातव्य है कि इस फैसले को सुप्रीम अदालत ने पलटते हुए कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। बीते साल मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक मामले को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि बच्चों की अश्लील वीडियो देखना पोस्को और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो पर मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बच्चों की अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना, देखना और उसे अपने पास रखना अपराध है। असल में बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में मंशा ही सबसे अहम है। वैचारिक मोर्चे पर नकारात्मकता की दस्तक ही व्यवहार की बर्बरता के रूप में सामने आती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सामाजिक परिवेश से लेकर स्कूल और पारिवारिक माहौल तक, बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार की सोच रखने वाले करीबी अपने ही होते हैं। परिचितों- अपरिचितों की सोच की दिशाहीनता ही ऐसे वाकयों का कारण बनती हैं। इतना ही नहीं, अश्लील सामग्री देखना और अपने पास रखना भी कुत्सित सोच से ही जुड़ा है। न केवल ऐसी सामग्री को देखकर बच्चों के साथ बर्बरता करने के मामले सामने आ चुके हैं बल्कि ऐसा कंटेन्ट बनाने के लिए भी बच्चों का शोषण किया जाता है। ऐसे में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों से जुड़ीं न्यायिक टिप्पणी महत्वपूर्ण होती हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट जैसे आदेश ना केवल नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों का दुस्साहस बढ़ाते हैं बल्कि इनके संदर्भ भावी घटनाओं से जुड़े निर्णय को भी प्रभावित करते हैं। नई पीढ़ी के लिए बढ़ती असुरक्षा और अविश्वास के परिवेश में न्यायिक निर्णयों में स्पष्टता और संवेदनशीलता आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

नव वर्ष की तैयारी

गुड़ी पड़वा त्यौहार से पहले ठाणे के एक बाजार में शक्कर की माला को निहारती एक महिला। गुड़ी पड़वा का वसंत त्योहार मराठी और कोंकणी हिंदुओं के लिए नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।

आज की पाती

फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *– दिनेश यादव, कांकेर*

ट्रेंड

श्रद्धांजलि अर्पित

श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण और सामाजिक असमानताओं के उन्मूलन के लिए काम किया। करुणा और एकता पर उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

सम्मान देने की प्रतिबद्धता

दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने की प्रतिबद्धता को साकार किया। 60-69 वर्ष की आयु के नागरिकों को 2,500 व 70+ आयु के नागरिकों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

नशे के खिलाफ़ युद्ध

पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के खिलाफ़ जबरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख्शा नहीं जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

डेटा एनालिटिक्स

प्लांट साइंटिस्ट डॉ. स्मिता हेज ने डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कम बजट में बैंगलोर में पेड़ों का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया। बेंगलुरु को इस तरह की परियोजना शुरू करनी चाहिए।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

करंट अफेयर

शिशु मृत्यु दर रोकने में भारत की अहम भूमिका

विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है।

मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि 'राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि 'अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।'

ऑफ बीट

गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक



प्रारंभिक बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है। यह मस्तिष्क संरचना में अंतर, खराब अनुभूति, व्यवहार संबंधी समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों से भी जुड़ा है। इससे पता चलता है कि सभी बच्चों को जीवन में समान अवसर देना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जब तक असमानता को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए जाते, साइकोलॉजिकल मेडिसिन में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, एक कम लागत वाली गतिविधि दिखाता है जो कम से कम मस्तिष्क पर गरीबी के कुछ नकारात्मक प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

महिला अपराधों की जांच को लेकर समिति बनाने की मांग

प्रदर्शन... हंगामा... लाठियां...

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कथित वृद्धि की जांच के लिए सदन समिति के गठन की मांग को लेकर विधानसभा के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया।

इधर, झारखंड में भाजपा का प्रदर्शन...

रांची। भाजपा नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ झारखंड भाजपा और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) द्वारा आहूत रांची बंद के दौरान भाजपा समर्थकों ने गुरुवार को सड़क जाम कर दिया। इस दौरान उपद्रव भी हुए।

खबर संक्षेप

एक्ट्रेस रन्या को झटका नहीं दी गई जमानत

बेंगलुरू। गोल्ड स्मगलिंग के आरोप में जेल में बंद कन्नड़ एक्ट्रेस रन्या राव को बड़ा झटका लगा है। 64वें सिटी सिविल और सेशंस कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी, जिससे उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले आर्थिक अपराधों के लिए स्पेशल कोर्ट ने भी उनकी जमानत याचिका को ठुकरा दिया था। निचली अदालतों से राहत न मिलने के बाद अब उनके पास केवल हाईकोर्ट का विकल्प बचा है।



तमिलनाडु : वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पास

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इस प्रस्ताव को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेश किया था। सीएम स्टालिन ने आरोप लगाया है कि इस बिल के कारण मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने विधानसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव का विरोध किया है।

राज्यसभा स्पीकर से की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

'माफी नहीं मांगूंगा', राणा सांगा पर दिए बयान पर अड़े सपा सांसद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर हमले के बाद उत्तर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमाता जाता रहा है। इसी बीच सपा ने ईद के बाद पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। साथ ही सपा सांसद ने राणा सांगा पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा कि इतिहास को नकारा नहीं जा सकता। हालांकि, उन्होंने सभापति से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। सांसद ने गुरुवार को कहा, 'मैं इस जन्म में माफी नहीं मांगूंगा, मुझे अगले जन्म का पता नहीं है।' यह बात उनके घर पर करणी सेना के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले के एक दिन बाद कही है।' उन्होंने कहा, 'उन्हें सच स्वीकार करना सीखना होगा। बाबर को राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए आमंत्रित किया था। उन्हें ये गलतफहमी थी कि बाबर एक लुटेरा है और वह वापस चला जाएगा और हम शासन करेंगे।'

करणी सेना ने की है घर पर तोड़फोड़

'परिवार को नुकसान पहुंचाना चाहते थे हमलावर'

हमले के संबंध में सुमन ने कहा कि 'मैंने राज्यसभा सभापति को स्थिति से अवगत कराया। मुझे सुरक्षा चाहिए। मैंने उन्हें बताया कि 22 मार्च से सोशल मीडिया के जरिए धमकियां दी जा रही थीं और कल वे बुलडोजर लेकर मेरे घर आ गए।' उन्होंने कहा, 'ये जानलेवा हमला था। उन्होंने सभी शीशे तोड़ दिए, कॉलोनी में कारें तोड़ दीं... उनका इरादा मेरे परिवार को नष्ट करना था।'

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़ : बता दें कि करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हरीपर्वत चौराहे के पास स्थित सांसद के घर में तोड़फोड़ की। घर के बाहर खड़ी कई कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कुर्सियां तोड़ दीं और घर की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

यह था विवादित बयान

दरअसल, बीते दिनों सपा सांसद ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि राणा सांगा एक गद्दार था, जिसने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को लाया था। राणा सांगा या संग्राम सिंह प्रथम 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे।

ईद के बाद प्रदर्शन करेगी सपा

इसी बीच सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार को हिला देंगे।.. यदि रामजीलाल सुमन के घर पर हमला करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ईद के बाद प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। सामंतवादी ताकतों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।.. क्या रामजीलाल सुमन की जगह उनके समाज का कोई होता तो वे हमला करते? रामजीलाल सुमन के घर पर हमला करना पूरे दलित समाज पर हमला है।

करणी सेना बोली- सपा सांसद की जुबान काटो, 5.51 लाख देंगे

उत्तर प्रदेश के सपा सांसद रामजी लाल के महाराणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद से राजस्थान समेत देश भर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को करणी सेना के अर्जुन सिंह चुंडावत के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उदयपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अर्जुन सिंह चुंडावत ने एक बड़ा एलान भी किया। उन्होंने कहा कि जो भी सांसद रामजी लाल की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपये इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर, सांसद रामजी लाल ने अपने शब्द वापस नहीं लिए और सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

'अब हमारी बारी है' हिंदुस्तान आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर होगी, जिसे पुतिन ने पिछले साल जुलाई में मोदी की रूस यात्रा के दौरान स्वीकार कर लिया था। लावरोव ने कहा, 'पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल के बाद पहली विदेश यात्रा रूस की थी। अब हमारी बारी है।' रूसी विदेश मंत्री ने यह बयान 'रूस और भारतः एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' समिट के दौरान दिया। इस बैठक का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद ने किया।

- रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दी जानकारी

यात्रा के लिए आधिकारिक तिथि की अभी घोषणा नहीं

पुतिन भारत यात्रा पर कब आएंगे, इसके बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह यात्रा 2025 के अंत तक हो सकती है। इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिनमें रक्षा उपकरणों के निर्माण, परमाणु ऊर्जा सहयोग और व्यापार सुविधा जैसे मुद्दे शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह यूक्रेन युद्ध शुरू होने (फरवरी 2022) के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। दोनों देशों के बीच 3 साल बाद भी युद्ध जारी है। हालांकि, अमेरिका की मदद से दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने पर बातचीत चल रही है।

श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ रहे 11 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

पीएम मोदी के लंका दौरे के पहले तनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक बार फिर तमिलनाडु के मछुआरे श्रीलंकाई नौसेना के शिकंजे में फंस गए हैं। खबर है कि श्रीलंकाई नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ रहे एक नाव में सवार तमिलनाडु के 11 मछुआरों को पकड़ लिया है। उन्हें जांच के लिए उन्हें कांगेसंथुरई नौसेना शिविर ले जाया गया है। रामेश्वरम मछुआरा संघ के मुताबिक, आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सरकार को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा।

यह कार्रवाई ऐसे वक्त की गई है, जब अगले महीने ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के दौरे पर जाने वाले हैं। यह यात्रा ऐसे वक्त हो रही है, जब भारत और श्रीलका के बीच मछुआरों की गिरफ्तारी का मुद्दा गरम है। इस कारण से दोनों देशों के बीच तनातनी चल रही है।

पहले भी किया है दुस्साहस

इससे पहले महीने की शुरुआत मे श्रीलंकाई नौसेना ने सीमा पार से मछली पकड़ने के आरोप में पंबन क्षेत्र से 14 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। पिछले महीने की 23 की तारीख को भी श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं भी जब्त की थीं।इस बीच श्रीलंका की जेल से रिहा हुए सात मछुआरे चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें से चार मछुआरों को 20 फरवरी को और बाकी तीन को 22 फरवरी को सीमा पार से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

सीबीएसई की चेतावनी! बोर्ड परीक्षा नहीं दे पाएंगे स्कूल से 'गायब' छात्र

पूरी करनी होगी कम से कम 75% हाजिरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक बार फिर उन छात्रों को चेतावनी दी है, जो रेगुलर क्लासेस नहीं ले रहे। ऐसे छात्रों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठने की परमिशन नहीं दी जाएगी। साथ ही जो स्कूल डमी स्कूल प्रणाली को बढ़ावा देंगे या गैर-हाजिर छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए नामांकित करेंगे, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई के नियमित स्कूलों में न पढ़ने वाले छात्रों को कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा देने से रोका जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 'डमी स्कूलों' में दाखिला लेने की जिम्मेदारी छात्रों और उनके माता-पिता की होगी। दरअसल, सीबीएसई अपनी परीक्षा नियमावली में संशोधन करने पर विचार कर रहा है। नए नियमों के अनुसार, डमी स्कूलों के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे छात्रों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की परीक्षा देनी होगी। सीबीएसई के एक सीनियर ऑफिसर ने पीटीआई को बताया कि, अगर जांच के दौरान कोई छात्र स्कूल से अनुपस्थित पाया जाता है या नियमित कक्षाओं में नहीं जाता है, तो उसे बोर्ड परीक्षा देने से रोका जा सकता है।'

बोर्ड परीक्षा के लिए 75% हाजिरी अनिवार्य

सीबीएसई गवर्निंग बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छात्रों के लिए कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी। एक सीबीएसई अधिकारी ने कहा, 'सीबीएसई नियमों के अनुसार, केवल रजिस्ट्रेशन कर लेने से कोई छात्र बोर्ड परीक्षा के लिए योग्य नहीं होगा। उसे कम से कम 75% हाजिरी पूरी करनी होगी।'

सिर्फ इन छात्रों को अटेंडेंस में 25% की छूट

जो छात्र सीबीएसई की उपस्थिति नीति के अनुसार योग्य नहीं होंगे, वे एनआईओएस परीक्षा के जरिए बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। केवल चिकित्सा आपातकाल, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी, या अन्य गंभीर परिस्थितियों में 25% उपस्थिति की छूट दी जाएगी।

डमी स्कूलों में दाखिला क्यों लेते हैं छात्र?

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कई छात्र डमी स्कूलों में दाखिला लेते हैं ताकि वे पूरी तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इसके अलावा, कुछ छात्र राज्य कोटा लाभ पाने के लिए भी डमी स्कूलों में नामांकन कराते हैं। उदाहरण के लिए, दिल्ली के मेडिकल कॉलेजों में दिल्ली राज्य कोटा पाने के लिए कई छात्र दिल्ली के डमी स्कूलों में नामांकन कराते हैं।

सीतारमण पर पैरोडी, कामेडियन कामरा को मिला फिर नोटिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कॉमेडियन कुणाल कामरा 'पैरोडी सॉन्ग' विवाद मामले में बड़ा अपडेट है। पुलिस ने कामरा को दूसरा समन भेजा है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कामरा को 31 मार्च को खार थाने बुलाया है। इधर...वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर पैरोडी सॉन्ग बनाना कामरा को भारी पड़ गया। वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी की वजह से टी-सीरीज ने कामरा को कॉपीराइट नोटिस भेजा है। कुणाल ने 22 मार्च को 'पैरोडी सॉन्ग' में एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने शिंदे को गद्दार कहा था। शिंदे पर बनाए 'पैरोडी सॉन्ग' को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद विवाद शुरू हो गया। रविवार (23 मार्च) की रात बवाल मचा। शिंदे समर्थकों ने कामरा के होटल में तोड़फोड़ की। कामरा पर एफआईआर दर्ज की गई।

कठपुतली बनना बंद करो

इधर, कामरा ने एक्स पर लिखा-हैलो टी-सीरीज, कठपुतली बनना बंद करो। पैरोडी और व्यंग्य कानूनी रूप से फेयर यूज के अंतर्गत आते हैं। मैंने गाने के ओरिजिनल लिरिक्स या इंस्ट्रुमेंटल का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर तुम इस वीडियो को हटाते हो तो हर कवर सॉन्ग और डांस वीडियो को भी हटाना पड़ेगा। क्रिएटर्स कृपया इसे नोट करें।

आमचो बस्तर

ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...

चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।

SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें

धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अद्भुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।

बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।

कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।

इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्त्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।

रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।

रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

अवॉर्ड शो में होती है मौज-मस्ती...

मुंबई। नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में वो एक बार फिर से सभी को डराती नजर आ रही हैं।



बीते दिनों जयपुर में हुए 25वें आईफा अवॉर्ड्स 2025 में नुसरत ने इस फिल्म को लेकर अपडेट दी थी। फिल्म के अलावा उन्होंने और भी कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। सबसे पहले नुसरत ने आईफा अवॉर्ड में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब किसी फिल्म को सिनेमाघरों में 25 हफ्ते पूरे हो जाते हैं तो हम सिल्वर जुब्ली मानते हैं, आईफा को तो 25 साल हो गए हैं। यह बहुत बड़ी बात है। यह एक मील का पत्थर है और मुझे खुशी है कि मैं आईफा का हिस्सा हूं। नुसरत से अवॉर्ड शो के दौरान अन्य सितारों से मुलाकात करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप लोगों को लगता है कि हम लोग अपने को-स्टार से बैक स्टेज मिलते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं, क्योंकि जब तक हम जाते हैं, वो कहीं और चले जाते हैं। हां, यहां काम का प्रेशर नहीं होता है और हम खुलकर एंजॉय करते हैं। यहां थोड़ी मौज-मस्ती और मजाक होते हैं तो यहां आकर काफी मजा आता है।'

ओटीटी पर 28 को स्ट्रीम होगी 'देवा': मुंबई। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'भसड़ मचा, ट्रिगर चला... देवा आ रहा है।' फिल्म 28 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' में शाहिद के साथ पूजा प्रवेश राणा, मनीष वाधवा, गिरीश कुलकर्णी, गौरव मोरे और प्रवीण पाटिल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

'ग्राउंट जीरो' का पहला पोस्टर जारी

मुंबई। बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान रखने वाले मशहूर एक्टर इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म में एक बीएसएफ कमांडर का किरदार निभाएंगे। फिल्म का नाम 'ग्राउंट जीरो' है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने जब से फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का एलान किया है तब से ही फिल्म ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म देश के लिए बलिदान और राष्ट्र की रक्षा करने वालों पर आधारित होगी। इसमें इमरान हाशमी को पीछे की तरफ से दिखाया गया है। इमरान हाश ने टी-शर्ट पहनी हुई है और हाथ में बंदूक ले रखी है। पोस्टर में इमरान हाशमी काफी जोशीले नजर आ रहे हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है 'एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया।' ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इमरान हाशमी ने 24 मार्च को अपने फैंस और पैपराजी के साथ अपना जन्मदिन मनाया था।



रातों-रात बदल सकती थी जिंदगी...



मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान पर इस साल जनवरी में उनके घर पर चाकू से हमला हो गया था, जिसमें अभिनेता घायल हो गए थे। हालांकि, तुरंत इलाज मिल जाने से अभिनेता अब पूरी तरह से ठीक होकर काम पर वापस भी लौट चुके हैं। अब इस घटना के लगभग 2 महीने के बाद सैफ की बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सारा ने कहा कि इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि अगर चीजें गलत हो जातीं तो उनकी जिंदगी एक रात में कितनी बदल सकती थी। सारा ने इस घटना को लेकर ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'इससे आपको एहसास होता है कि असल में क्या मायने रखता है। पूरा परिवार सिर्फ कृतज्ञता और शुक्रिया अदा करता है, वर्ना बहुत कुछ गलत हो सकता था। मैं बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है।

'सीता मैया' का होने जा रहा छोटे परदे पर नया अवतार

नई दिल्ली। दूरदर्श पर रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता का किरदार निभाकर देश-दुनिया में मशहूर हुईं दीपिका चिखलिया इन दिनों छोटे परदे पर फिर से सक्रिय हैं। हाल ही में धारावाहिक 'धरतीपुत्र नंदिनी' में दिखी दीपिका की धमाकेदार एंट्री अब धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' में गुरु मां के रूप में होने जा रही है। दीपिका अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित भी हैं। और, दीपिका से ज्यादा उत्साहित इस धारावाहिक की हीरोइन दीक्षा धामी हैं। पता चला है कि धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' अब एक बड़े और अनोखे बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शो के हालिया ट्रैक में फिलहाल चैना के हालात और मुश्किल होते नजर आ रहे हैं। वहीं, चमकीली अपनी चालाकी से परिवार को चैना के खिलाफ करने में सफल होती दिखाई देती है।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
नकली माल से सावधान

दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4068107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No.
7724035770
9329004557
9303724304

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथेरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • पिटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

टीचर

Required- Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3397)

आवश्यकता है- अंग्रेजी माध्यम नर्सरी से आठवीं सोसल साइंस, मैथ्स, कम्प्यूटर जनरल नॉलेज और साइंस टीचर चाहिए, साक्षात्कार 29 मार्च 11:30 बजे सम्पर्क- दीक्षा पब्लिक स्कूल कृष्णा नगर भिलाई मो.99078-76187, 98937-86229. (आरो नं.-708)

Required- VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3396)

फैक्ट्री कार्य

आवश्यकता है- फैक्ट्री में काम करने के लिए महिला स्टाफ की आवश्यकता है। पता:- गोल्डन मार्बल के पीछे लक्ष्मी नगर पचपेडी नाका, रायपुर :- 9977376616. (RO-7070)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

पेट्रोल पम्प कर्मी

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पम्प शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.(RO-7065)

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.(RO-272)

इलेक्ट्रीशियन

तत्काल आवश्यकता- इलेक्ट्रीशियन बंगले एवं ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष योग्यताः डिप्लोमा या आईटीआई पास वेतनः योग्यतानुसार (केवल अनुभवी उम्मीदवार ही संपर्क करें।) संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3394)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु 12वी पास लड़का की आवश्यकता कता । सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमीं चंद गली, तेलघानी नाका चौक,रायपुर (RO-313)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के का वेतन 10000/- एंव लड़कियों का 7000/- वेतन संपर्क करें हरिओम प्लास्टिक, पंडरी कपडा मार्केट रायपुर प्रकाश होलसेल के बाजू 9300203900, 0771-4052408.(RO-586)

आवश्यकता है- सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़कों की आवश्यकता है उम्र 17से 20वर्ष संपर्क : जयश्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई - 98271-06108, 96302-95106 (आरो नं.-709)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 21000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-36)

आवश्यकता है- ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए। वेतन योग्यतानुसार। स्थानः 73, लास विस्टा सोसायटी, अमलीडीह, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042804.(RO-3405)

मेडिकल स्टोर वर्क

आवश्यकता है- मेडिकल स्टोर में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है (रायपुर एवं बिलासपुर) वेतन योग्यता अनुसार रामकृष्ण मेडिकल स्टोर देवपुरी रायपुर 7999953136.(RO-7069)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घर के कार्य करने हेतु एक महिला / लड़की/ लड़के की आवश्यकता है (रहने की सुविधा) उपलब्ध संपर्क टाटीबंध, रायपुर 9329109448. (RO-3834)

तत्काल आवश्यकता- घरेलू नौकर बंगले में कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः 20,000/- तक (केवल अनुभवी पुरुष उम्मीदवार ही संपर्क करें) संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3393)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो नं.-712)

कुक/कार क्लीनर

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे बी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषो की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। संपर्क करें: 9300593000.(RO-1243)

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है।अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करें डागा पेट्रोल पम्प फाफाडीह स्टेशन रोड रायपुर मो 98109135400.(RO-314)

मैनेजर/रिसेप्शन

आवश्यकता है- तेजस होटल में मैनेजर,रिसेप्शन एवं झाड़ू पोछा करने हेतु 10 से 12 k मासिक में लड़के, लड़की की आवश्यकता है। संपर्क करे- सड्डू शांति सरोवर के सामने 9301005265.(RO-186)

अकाउंन्टेंट

आवश्यकता है- अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कोहका भिलाई हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है। 01 पद (Full time/ Part time), योग्यता- Tally कार्य का अनुभव। आवेदन मेल करे- agraseniti@gmail.com(आरो नं.-711)

सहायक/गाई

शीघ्र आवश्यकता है - कार्यालय सहायक (कलर्क) -12वी/स्नातक /कंप्यूटर (हिन्दी/इंग्लिश टाइपिंग) अनुभव,* ड्राइवर-10वी /ड्राइविंग लायसेंस*,गेट कीपर (गार्ड) -8वी/10वी ,इच्छुक शीघ्र संपर्क करे :-उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ,जामुल -भिलाई Mob-7470984997. (आरो नं.-705)

हरिभूमि क्लासीफाईड

गोडॉऊन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.(RO-553)

आवश्यकता है- दुकान-गोदाम में काम करने हेतु 7-8 युवक- युवतियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क- अग्रवाल मार्केटिंग, दिशा कालेज के सामने, रामनगर, कोटा मेन रोड, रायपुर मो.- 9425507152.(RO-315)

ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907 (आरो नं.-704)

अन्य

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 08584025183. (RO-736)

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500+52400) तक आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट पैनकार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-745)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - रायपुर शहर भाटागांव न्यू बस स्टैंड से काठाडीह कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता कॉलेज रोड एवं भाटागांव हरिओम नगर केसरी बगीचा में 1500 फीट 1000 आवासी नॉन आवासीय प्लाट बेचना है संपर्क:- 8962907333, 9770087084.(RO-3404)

For Rent किराया

किराये से - श्रीमती माया देवी साहू पति स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद साहू मकान नंबर 168 त्रिलोक निवास अंबेडकर चौक त्रिलोक निवास गुढ़ियारी रायपुर मकान पटवारी हल्का नंबर 107 खसरा नंबर 449/3 रकबा 8116.50 वर्गफीट जिसके भूतल पर 3400 वर्गफीट एवं प्रथम तल पर 800 वर्गफीट पर पक्का निर्माण है पानी बिजली की सुविधा पूर्ण है अतः मकान को किराए मे स्कूल कूरियर एवं बैंक के लिए किराए मे देना है किराए में लेने के इच्छुक संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9300133053, 9827937801, 9303880475. (RO-3403)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधारकार्ड पर- (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज सालाना) प्रॉपर्टी, पर्सनल ,बिजनेस ,दुकानदारी ग्रुपलोन) सिविल खराब लोन पाये ! संपर्क- 9289384524. (RO-744)

फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 8527685698. (RO-3388)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
SCHEME (Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50 Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Service- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

	(30 Days)	(60 Days)	(90 Days)
Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
• गुप्त रोग, नामर्दी
• लिंग में छोटापन।
• शीघ्र पतन
• पेशाब से धातू जाना।
• लिंग में ढीलापन,
• शुक्राणु की कमी।
• शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
• जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
• चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
वर्षों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
बेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

सीबीआई ने अभिषेक ....

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम ने आईपीएस अभिषेक पल्लव के निवास से कम्प्यूटर में लगे हार्ड डिस्क के साथ मोबाइल जब्त किया है। इसके साथ ही अभिषेक माहेश्वरी के राजनांदगांव स्थित निवास से दस्तावेज के साथ कई डिजिटल साक्ष्य और मोबाइल जब्त किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। **जब्त डिजिटल साक्ष्य की फोरेंसिक लैब में जांच** : सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक सीबीआई जब्त इलेक्ट्रॉनिक के साथ मोबाइल तथा डिजिटल साक्ष्य की जांच अपने फोरेंसिक लैब में करेगी। जरूरत पड़ने पर जब्त साक्ष्य को जांच के लिए दिल्ली मुख्यालय भेज सकती है। जांच में तीन साल तक का डेटा रिकवर किया जाएगा। छापे की कार्रवाई के दूसरे दिन सीबीआई कार्यालय में कई पुलिसकर्मियों के साथ आईपीएस अफसरों को सीबीआई कार्यालय तलब किए जाने की चर्चा रही। पूछताछ के लिए किन लोगों को बुलाया गया था, इस बात को लेकर सीबीआई ने किसी भी तरह से कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

भूपेश बोले, जिन ....

लिए काम किया था। गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि देश में कब महादेव सट्टा एप बंद होगा। जो उसके आरोपी देश के बाहर बैठे हैं, उन्हें कब गिरफ्तार किया जाएगा, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कल देशभर में 60 से अधिक स्थानों पर सीबीआई के छापे पड़े, उसमें से छत्तीसगढ़ में लगभग 50 जगह छापे पड़े। सीबीआई के छापे में डायरी के मिलने की चर्चा पर श्री बघेल ने कहा, एक डायरी थी जिसकी ईडी फोटो कॉपी करा कर ले गई थी और सीबीआई वह ओरिजिनल डायरी ले गई है। हमने जब उनसे इसकी फोटो कॉपी करा कर मांगा, तो उन्होंने बोला कि आप बाद में उसे ले लीजिएगा। **हमारे शासन काल में हुई 200 गिरफ्तारी** : उन्होंने बताया कि सीएम रहते मैंने निर्देश दिए। 200 गिरफ्तारियां हुईं और 2000 खाते सीज किए गए, सैकड़ों इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बरामद किए गए। हमने जुआ सट्टा को रोकने के लिए विधानसभा में विधेयक लाने का काम किया। सबसे ज्यादा कार्रवाई हमारी सरकार में हुई। जुआ सट्टा पर रोक लगाने को लेकर कड़े कानून लाकर हमने कार्रवाई की। उसके छह महीने बाद इस केस में ईडी की एंट्री हुई। **ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य सूत्रधार दुबई में बैठे** : पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, ऑनलाइन बेटिंग एप के मुख्य सूत्रधार दुबई में बैठे हुए हैं। जिन पर कार्रवाई के लिए हमने केंद्र सरकार को पत्र लिखा, इसके बाद ईडी ने राजनीतिक कार्रवाई शुरू की। शुभम सोनी नाम के व्यक्ति की एंट्री हुई, जिन्होंने अपने आप को ऑनलाइन बेटिंग एप का मालिक बताया। छत्तीसगढ़ में इस बीच सरकार बदल गई, ईडी ने ईओडब्ल्यू को एक सूची जारी की। छापे उन्हीं के ऊपर मारे गए, जिन अधिकारियों ने कार्रवाई की। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हमने आग्रह किया था, 1 दिसंबर 2023 को हमने पत्र लिखा था कि ऑनलाइन बेटिंग एप के मुख्य प्रमोटर पर कार्रवाई करें, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **मेरे खिलाफ षडयंत्र** : उन्होंने कहा, कल मेरी अनुपस्थिति में रायपुर स्थित शासकीय निवास में सीबीआई ने मेरी अनुपस्थिति में ही कार्रवाई की। न तो इसकी सूचना दी गई और न मुझसे सहमति ली गई। अगर मैं उपस्थित नहीं था, तो इसे सील किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया। मेरे घर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीबीआई की टीम को बड़े बैग लेकर जाते देखा, लेकिन उनकी मांग पर भी बैग उन्हें नहीं दिखाया गया। मीडिया को दिखाने के लिए शासकीय आवास की छत पर भी मैटल डिटेक्टर लेकर नाटकीयता पैदा करने की कोशिश हुई। यह मेरे खिलाफ कोई षडयंत्र दिखता है। भिलाई निवास पर जब सीबीआई ने छापा मारा, तो उस दौरान मेरी पत्नी, बहू बेटी थी, लेकिन सीबीआई के साथ कोई भी महिला अधिकारी या कर्मी मौजूद नहीं था। **रमन सिंह ने सीबीआई को किया था बैन** : वहीं छत्तीसगढ़ में सीबीआई बैन किए जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, सीबीआई को छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की सरकार ने बैन किया था, हमारी सरकार ने तो सिर्फ अधिसूचना जारी की थी।

प्रदीप मिश्रा पर ....

ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो भी महादेव सट्टा खिलाने वाले पर कार्रवाई करेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक साल से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, मतलब बीजेपी सरकार प्रोटेक्शन मनी ले रही है। रवि उप्पल से मिलकर आने वाले कथाकार प्रदीप मिश्रा से भी पूछताछ होनी चाहिए।

1100 करोड़ अंडों ....

अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना भी बंद हो गया है। इसके कारण रोज 30 लाख अंडों का स्टॉक जाम हो रहा है। छत्तीसगढ़ देश में अंडों का उत्पादन करने वाला बड़ा राज्य है। यहां पर रोज करीब 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 40 फीसदी यानी करीब 30 लाख अंडे रोज दूसरे राज्यों महाराष्ट्र, विदर्भ, मप्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जाते हैं। दूसरे राज्यों के कारण ही अपने राज्य में अंडों का कारोबार फल फूल रहा है। लेकिन अब अंडों के कारोबार पर बड़ा संकट आ गया है। **लाखों अंडे कोल्ड स्टोरेज में** : कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा था, तब भी अंडों के कारोबार पर बड़ा संकट आया था। उस समय तो रोज 70 लाख अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा था। ऐसे में एक समय दस करोड़ से ज्यादा अंडों का स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में हो गया था। अब एक बार फिर से रोज 30 लाख अंडों के बचने के कारण इनको कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा है। इस समय लाखों अंडों का स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में है। पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक यह स्टॉक दूसरे राज्यों के कोल्ड स्टोरेज में भी रखवाया गया है, ताकि वहां पर स्थिति सामान्य होने और कीमत सही मिलने पर स्टॉक खपाया जा सके। **कम हो गए दाम** : गर्मी में वैसे भी अंडों के दाम कम हो जाते हैं, लेकिन बीते साल प्रदेश से दूसरे राज्यों में भरपूर अंडे जाने के कारण अंडों की कीमत पहली बार पोल्ट्री फार्म में 5.50 रुपए तक और चिल्हर में 6.50 रुपए गो गई थी। लेकिन इस समय गर्मी के आने से पहले ही अंडों के दाम दम हो गए हैं। इस समय पोल्ट्री फार्म में अंडों की कीमत 4.00 रुपए है। थोक में जहां एक दर्जन लेने पर इसकी कीमत 4.50 रुपए है, वहीं एक-दो नग लेने पर यह पांच रुपए में मिल रहे हैं। **दूसरे राज्यों में जाना बंद** : अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना बंद हो गया है। कर्नाटक से कुवैत अंडे कम जा रहे हैं, तो आंध्र प्रदेश से यहां पर अंडे कम कीमत में आ रहे हैं, इसलिए प्रदेश के पोल्ट्री फार्म में भी कीमत कम करनी पड़ी है। अभी लागत मूल्य से भी काम दाम में अंडे बेचने पड़े रहे हैं।

- धनराज बैनर्जी, पोल्ट्री कारोबारी।

पेज एक के शेष

इंद्रावती हाईजेक, ओडिशा में...

जो हिस्सा बस्तर पहुंचता है, वह भी इस गर्मी सूख चुका है, जिसके कारण ग्रीष्मकालीन फसलें तो बरबाद हुई ही हैं, पीने के पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। हरिभूमि ने संभाग मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर ओडिशा सीमा के गांव चांदली से लगे इन्द्रावती और जोरा नाला संगम स्थल का जायजा लिया, जहां ओडिशा क्षेत्र के नदी के दोनों ओर मक्का, गन्ना, साग सब्जियों की फसल लहलहा रही हैं। वहीं नगरनार से लगे बस्तर के कई गांव के किसान इन्द्रावती नदी में जल स्तर गिरने से अपनी नुकसान होते फसल को देखकर चिंतित हैं। इंद्रावती बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि बस्तर और तोकापाल ब्लॉक के सबसे ज्यादा प्रभावित गांव में चोकर, मरलेंगा, नारायणपाल, आड़ावाल, भोंड, लामकेर, नदीसागर, बोड़नपाल, कोंडालूर, छिंदबहार, तोतर, काठसरगीपाल, मरकापाल, टिकराधनोरा, घाटधनोरा और तारागांव हैं। भोंड एनीकट के पास के घाटधनोरा में इंद्रावती नदी के सूखने से बच्चे और युवा क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में 80 फीसदी फसल जल चुकी है और इन गांव के ग्रामीणों और पशुओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। किसी तरह हैंडपंप और डबरी से पानी का जुगाड़ कर काम चला रहे हैं। हैंडपंप में भी जलस्तर नीचे चला गया है। हमने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से कहा है कि ओडिशा के खातीगुड़ा डैम से पानी छोड़ने पर गांव में नाली बनाकर पानी इकट्ठा करेंगे और उपयोग करेंगे, लेकिन इस पर भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई हुई है। वहीं कुम्हरावंड में 2-3 गेट से पानी छोड़ा गया था, उसे भी बंद कर दिया गया है। इसलिए समस्याग्रस्त गांव में कहीं भी इंद्रावती नदी में पानी नहीं है।

इंद्रावती नदी की स्थिति...

ओडिशा सरकार इन्द्रावती नदी पर कई बड़े डैम बनाकर जल का अधिक से अधिक उपयोग कर रहा है। आज इन्द्रावती नदी की स्थिति जोरा नाला से भी दयनीय है। जोरा नाला में लबालब पानी होने से वहां के किसान मालामाल हो रहे हैं और बस्तर में इन्द्रावती के सूखने से किसानों की हालत कंगाली जैसे हो गई है। प्रकृति बचाओ और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान के लोगों का कहना है कि बस्तर के नेता और राज्य सरकार के नुमाइंदे चुप्पी साधे रहे और ओडिशा ने इन्द्रावती को हाईजेक कर लिया।

तीनों जगह पहली बार...

कश्यप ने कहा कि सांसद महेश कश्यप वन और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप तथा जगदलपुर विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तीनों बस्तर के ताकतवर पदों में है। वे बस्तर में इन्द्रावती की वर्तमान भयावह स्थिति से वाकिफ है। ऐसे में इस गर्मी के सीजन में इन्द्रावती नदी जल संकट का निराकरण अति आवश्यक है। इन नेताओं को भुवनेश्वर और दिल्ली की दौड़ लगाकर हर तरह के प्रयास करनी चाहिए।

कदुआ में मुठभेड़, मार...

गया और फिर जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सुरक्षाबलों को सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली। इसमें एम4 कार्बाइन की चार लोडेड मैगजीन, दो ग्रेनेड, बुलेटप्रूफ जैकेट, स्लीपिंग बैग, ट्रैकसूट, खाने-पीने का सामान और आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बनाने की सामग्री शामिल थी। पुलिस को शक है कि ये आतंकी शनिवार को पाकिस्तान से सीमा पार कर भारत में घुसे होंगे।

डीएसपी पर शादी का...

जांच शुरू की है। पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस में पदस्थ डीएसपी रैंक के अधिकारी विनोद मिंज के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी ने रविशंकर स्टेडियम के सामने स्थित पीडब्लूडी मेस में बुलाकर पीड़िता के कई बार दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती की शिकायत के अनुसार डीएसपी मिंज से उसकी मुलाकात 2024 में हुई थी। धीरे-धीरे परिचय बढ़ा और डीएसपी मिंज ने शादी का प्रस्ताव रख दिया। युवती बातों में आ गई। युवती के अनुसार डीएसपी मिंज ने शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। अब जब शादी की बात आई तो डीएसपी ने मना कर दिया।

सीएम साय बोले-पीएम...

नजदीक से देखना और स्वागत करना चाहती है। उन्होंने आने की सहमति दी और तब से यहां उनके आगमन की तैयारी जोर-जोर से शुरू हुई। मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में बिलासपुर में प्रधानमंत्री के 30 मार्च को कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन के लिए बने हेलीपैड, मंच व बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का अब तक का छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। पांच विशाल डोम इसमें सजाए गए हैं। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे प्रदेश में अपूर्व उत्साह का माहौल है। बिलासपुर में आयोजित यह कार्यक्रम राज्य स्तरीय बड़ा कार्यक्रम है। पूरे राज्य भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। लगभग 2 लाख लोगों के आने की संभावना है। लगभग 33 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात प्रधानमंत्री देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना का प्रदेश में बहुत अच्छे तरीके से संचालन हो रहा है। बिरहोर बैगा, पहाड़ी कोरवा जनजातियों के विकास की गति इससे तेज हुई है। उन्होंने समारोह की बेहतर तैयारी के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर की सराहना की। उन्होंने कहा कि तैयारी के पल-पल की जानकारी मुझे है।

भारत धर्मशाला नहीं,...

बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हमारा सपना पूरा होने वाला है। शाह ने अवैध घुसपैठ के मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस को घेरते हुए लोकसभा में कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 'कमल खिलेगा' और बांग्लादेश से घुसैपैठियों के आने का सिलसिला बंद होगा। उन्होंने 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, हमारी बांग्लादेश से सटी हुई सीमा 2,216 किलोमीटर की है। उसमें से 1,653 किलोमीटर पर बाड़ लग चुकी है।

शाह 4 को रायपुर में...

अमित शाह के निर्देश के बाद प्रदेश में लगातार नक्सलियों पर एक्शन हो रहा है। श्री शाह से मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का ऐलान किया है। इसके बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इस बीच अब एक बार फिर से श्री शाह का छत्तीसगढ़ आने का दौरा बना है। पहले उनका यहां पर तीन अप्रैल को आने का कार्यक्रम बना था, इसमें उनको दंतेवाड़ा के पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होना था, लेकिन अब उनका यहां पर दो दिनों का दौरा तय किया गया है। इसमें वे चार अप्रैल को रायपुर आएंगे और यहां पर आने के बाद नक्सल मुद्दों पर समीक्षा करेंगे। ऐसा माना जा रहा है श्री शाह के साथ बैठक के बाद नक्सलियों के खिलाफ एक्शन में और तेजी आएगी। श्री शाह के साथ बैठक में नक्सलियों से निपटने की रणनीति बनेगी और फिर लगातार एक्शन होगा।

राशिफल

मेष वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

बिना बताए भारत दौरा और पीएम मोदी से मिलने के कारण जस्टिन ट्रुडो की पार्टी ने लिया फैसला

कनाडा के हिंदू सांसद चंद्रा आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के चर्चित हिंदू सांसद चंद्रा आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई है। कनाडा की लिबरल पार्टी ने चंद्रा आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई है। चंद्रा आर्य पर भारत सरकार से करीबी संबंध रखने का आरोप लगाया गया था। पिछले साल भारत दौरे के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। बता दें कि भारत और कनाडा के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। द ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के अनुसार चंद्रा आर्य ने भारत दौरे के बारे में कनाडा सरकार को सूचित नहीं किया था। हालांकि कनाडा सरकार और लिबरल पार्टी ने अभी तक यह नहीं बताया कि चंद्रा आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक क्यों लगी है? सूत्रों के अनुसार कनाडा सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस ने कनाडा सरकार को जानकारी दी है कि चंद्रा आर्य के भारत सरकार के साथ मजबूत संबंध हैं। इसको लेकर कनाडा की सरकार ने चिंता जताई है। वहीं पूरे मामले पर चंद्रा आर्य ने सफाई भी पेश की है। उन्होंने X पर एक पोस्ट में कहा है कि सांसद होने के नाते मेरी और कनाडा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई डिप्लोमेट्स और राष्ट्रप्रमुखों से बातचीत होती है।

कौन हैं जस्टिन ट्रुडो के धुर विरोधी हिंदू एमपी चंद्रा आर्य

बता दें कि चंद्रा आर्य का नॉमिनेशन फॉर्म पहले ही रद्द कर दिया गया था। नेपियन सीट से वह चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। आर्य काफी चर्चित सांसद हैं और कनाडा में खालिस्तान चरमपंथ के खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज उठाते रहते हैं। इसके कारण उन्हें खालिस्तानी समूहों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ता है।

मिस्र तट के नजदीक डूबी पनडुब्बी से 38 रूसियों को बचाया गया

काहिरा। मिस्र के रिजॉर्ट शहर हर्गहाडा के पास बृहस्पतिवार को लाल सागर में डूबी एक पर्यटक पनडुब्बी से 38 रूसियों को बचा लिया गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने हर्गहाडा में रूसी वाणिज्यदूत के हवाले से बताया कि बचाए गए लोगों में से 14 को अस्पताल ले जाया गया, जबकि बाकी लोग अपने होटलों में लौट गए। मिस्र के दो अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखते हुए एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि डूबने से छह लोगों की मौत हो गई। रूस की समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि पांच रूसी लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। छठे व्यक्ति की राष्ट्रीयता का तुरंत पता नहीं चल पाया है।

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा काम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
टोल फ्री नंबर 1800-233-7188

"आम सूचना"

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-02 रायपुरा के 944 एल.आई.जी. फ्लैट्स के आबंटितियों के लिए आम सूचना।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-02 रायपुरा 944 एल.आई.जी. (2बी.एच.के.) फ्लैट्स के अंतर्गत फ्लैटों का आबंटन, निम्नांकित सूची में दर्शित आबंटितियों को किया गया था। आबंटितियों द्वारा आबंटन आदेश के शर्तों के अनुसार समयावधि में किश्तों की राशि का भुगतान नहीं किया गया। राशि जमा करने के लिये दूरभाष (कॉलिंग, एस.एम.एस.) तथा नोटिस के माध्यम से सूचना दी गई किन्तु राशि जमा नहीं की गई है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आबंटिती फ्लैट लेने के इच्छुक नहीं है अतः इस आम सूचना के माध्यम से आबंटितियों को अंतिम सूचना दी जाती है कि दिनांक 10.04.2025 को शाम 5:00 बजे तक पूर्ण राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर उनका आबंटन निरस्त कर दिया जावेगा।

यदि आबंटिती चाहे तो दिनांक 10.04.2025 तक बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करके अपना आबंटन यथावत रख सकेगा। आबंटितियों द्वारा समयावधि में पूर्ण राशि का भुगतान किया गया है तो रसीदों की छायाप्रति तत्काल जमा कर प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर सूचित करें। इसके पश्चात् दिनांक 10.04.2025 के बाद आबंटन के संबंध में किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।

स. क्र.	ब्लाक नं.	फ्लैट नं.	आबंटिती का नाम	पिता/पति का नाम
1	A	711	श्री फिरदौस हुसैन	श्री असगर हुसैन
2	A	720	श्री वासुदेव पहलाजानी	स्व. टेकचंद पहलाजानी
3	A	810	श्रीमती पुष्पा गोस्वामी	श्री चतुर्भुज गोस्वामी
4	B	504	श्री संदीप कुमार वर्गा	स्व. ओगप्रकाश वर्गा
5	C	504	श्रीमती आरती मिश्रा	श्री सुरेश कुमार मिश्रा
6	C	723	श्री ब्रजलाल देवांगन	श्री सोनुराम देवांगन
7	C	703	श्रीमती बसंत मालसी नायक	श्री संजय कुमार नायक
8	C	501	श्रीमती आशा सूर्यवंशी	श्री राजेश सूर्यवंशी
9	C	506	श्रीमती आस्था खत्री	श्री योगेश खत्री
10	C	305	श्रीमती शिल्पी वर्मा	श्री संजय कुमार वर्मा
11	D	817	श्री किशोर कुमार अग्रवाल	स्व. जनक राम अग्रवाल
12	D	607	श्रीमती भवानी ठाकुर	श्री शेषनारायण ठाकुर
13	D	705	श्रीमती सुभासिनी देवांगन	श्री ऋषि कुमार देवांगन
14	E	824	श्रीमती रतन कौर सलूजा	श्री अभिषेक सिंह सलूजा
15	E	306	श्रीमती लीला ध्रुव	श्री कुलदीप सिंह ध्रुव

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146
No.-04-01/Trans./Works/ 4088 Raipur, dtd. 21.03.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/141, Rfx No.-8100041905, PCC & Gravelling work of 220 KV yard at 400/220 KV S/s Khedamara.; **NIT Value:-** Rs. 182.04 Lakhs **& EMD:-** Rs. 1,82,100/-, **Completion Period:-** 09 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs.5000/- (i/c GST),** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 25.04.2025 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

SAVE ELECTRICITY
(K.S,Manothiya)
Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur

कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
Email Id-cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/2215/लो.नि./न.पं./निवि.आ.सू./2024-25 साजा, दिनांक 27/03/2025

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	योजना मद	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न निर्माण कार्य (कुल कार्यों की संख्या 08) कुल लागत 30.85	अधोसंरचना मद	1.62 लाख से 10.36 लाख	11/04/2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है जल है तो कल है
समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कंपनी लिमिटेड
CSPDCL
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग, कोण्डागांव

नोटिस

क्र./का.यं/सं.स./स्था./9158 कोण्डागांव, दिनांक 26/03/2025

प्रति,
श्री चन्द्रशेखर ध्रुव, परिचारक लाईन
आत्मज स्व. गनसा राम ध्रुव
ग्राम-बुदेली, पोस्ट-बुदेली
थाना- नरहरपुर, जिला-कांकेर (छ.ग.)

विषय - कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने बाबत।

आपके द्वारा दिनांक 16/01/2025 से निरन्तर अपने कार्य पर बिना सूचना/आवेदन प्रस्तुत कर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हुए कंपनी की सेवाशर्तों का उल्लंघन किया गया है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर कार्य पर उपस्थित होकर, अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुये कि आप कंपनी में कार्य करने के इच्छुक नहीं है, आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.कोण्डागांव

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

कब्जा सूचना
संदर्भः प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 की धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दी गई संबंधित तिथियों को जारी मांग सूचना के अनुसरण में आप/ऋणधारक नीचे नामित लोगों से संबंधित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है तथापि, आप/ऋणधारक सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों के साथ, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है:

क्र. सं.	ऋणधारकों/ सह-ऋणधारकों / जमानतदारों का नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू.में)	कब्जा की तिथि
1.	प्रमोद गजभिये, मेघा गजभिये	प्लॉट सर्वे नंबर 16 ग्राम भिलाई, न्यू खुर्सीपार आवासीय वैश्व व्यस्थापन योजना, न्यू खुर्सीपार, राधाकृष्ण मंदिर वार्ड, वार्ड नंबर- 32, भिलाई, तह. और जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दीः उत्तर-एस.एस. विश्वनाथ का मकान, दक्षिण-माणिकराव का मकान, पूर्व-चरणजीत सिंह का घर, पश्चिम-20 फीट सड़क।	03-08-2024	27,14,334	24-03-2025

ऋणधारक द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, ऋणधारक /जमानतदार एवं आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित उक्त नियम के नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
ऋणधारकों /जमानतदारों और **आम जनता** को इसके द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उनके किसी भी हिस्से के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा

फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।

मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गएः वृही कोडवारा

सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'

वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं। मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूलः कविश खुंगर

अप्रैल फूल-डे है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैंने खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूलः सौम्य आजाद

फर्स्ट अप्रैल को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणवीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'

सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं। मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं!' *

जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेटः हेत मकवाना

सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है! वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'

जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत

ईद सुहानी आई है!

ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अब्बू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

ईद की दुगनी खुशी

ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...।'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर से क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।

किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो। *

किताबः उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिकाः** मीनू त्रिपाठी,
मूल्यः 220 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

हंसगुल्ले

नैंसी : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
नव्या (काफी देर सोचने के बाद) : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
नैंसी (हंसते हुए) : अप्रैल फूल।
-खुशबू, रायपुर

तन्नू : ये लो, चॉकलेट खाओ।
चुन्नू : चॉकलेट! किस खुशी में?
तन्नू : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।

चुन्नू : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
तन्नू : आज अप्रैल फूल-डे है।
-मुस्कान, राजनांदगांव

सोनू : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
मोनू : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
-कुमकुम, बिलासपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तरः 1.चूहे के पेट पर दाएं तरफ धारियों की बूंद है। 2.चूहे के दांए हाथ की अंगुली लंबी दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.दाँत पर कम बालों दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का आकार बाला हिस्सा लंबा है।

मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैलकुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

उत्तर : 30

जीके क्विज-147

1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?

बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-146 का उत्तर : 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले : गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

'विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।

विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने ओम बिरला से की मुलाकात

गौरव गोगोई ने कहा कि 'हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमंय आरएसपी और शिवेसना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।'

वायनाड भूस्खलन पीड़ितों को केंद्र से नहीं मिली सहायता

वायनाड। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वायनाड के भूस्खलन पीड़ितों

के पुनर्वास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के सभी के प्रयासों के बावजूद केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं मिली है और उसने जो भी सहायता दी है वह 'नगण्य' है। उन्होंने यह भी कहा कि भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास के लिए केरल सरकार द्वारा शुरू की गई मॉडल टाउनशिप परियोजना उनके जीवन को फिर से पटरी पर लाने और उन्हें भविष्य के लिए आशा प्रदान करने की दिशा में पहला कदम है।

पाकः अलग-अलग आतंकी हमलों में आठ की मौत, 17 घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार से अब तक संदिग्ध विद्रोहियों द्वारा किए गए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए और 17 घायल हो गए, जबकि तीन का अपहरण कर लिया गया। क्वेटा के बारेच मार्केट क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस के एक वाहन के पास बम विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि एक मोटरसाइकिल में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)' छिपाकर रखा गया था, जो वहां खड़े पुलिस के एक वाहन के पास फट गया।

तेलंगाना : जनसंख्या आधारित परिसीमन के खिलाफ प्रस्ताव पारित

हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा ने बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए जनसंख्या को एकमात्र पैमाना नहीं बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि इस तरह के मानदंड से लोकसभा सीटों की संख्या के मामले में दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व में छह प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

महाराष्ट्र विप में कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है। कामरा पर हाल में एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कथित रूप से अपमान करने का आरोप है। विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने 'गद्दार' शब्द के जरिये कटाक्ष को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
अवर्त्त निर्माण विभाग, भवन प्रबन्धन, इजारीबाग

शुद्धि पत्र /सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/ 74 /2024-25 PR संख्या– 3493[illegible] Building (24-25)D द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम– Proposed Construction of 50 Beded S.T. Girl's Hostel in Pirchdi Jati Balika Awasiya Uccha Vidyalaya, Matwari, Dist- Hazaribagh For The Year 2024-2025 जिसका वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि– 29.03.2025 एवं बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि –15-04-2025 एवं निविदा खोलने की तिथि –16-04-2025 निर्धारित की जाती है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रबन्धन, इजारीबाग

PR 349425 Building(24-25)ND

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

कार्य का नाम	Proposed Construction of District Bar Council Building Vindhyapur Dist- Deothar for The Year 2024-25.
प्राक्कलित राशि (रु0)	रु0 3,46,72,970.00 (तीन करोड़ छियालीस लाख बहत्तर हजार नौ सौ सत्तर रुपये मात्र)
कार्य पूर्ण की अवधि	12 (बारह) माह
वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	26.03.2025 11:30 बजे
निविदा प्रपत्र के क्रय हेतु अन्तिम तिथि एवं समय	21.04.2025 11:00 बजे
निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान	22.04.2025 को 11:30 बजे, चेयरमैन चैम्बर, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, जिला- देवधर (झारखण्ड)
प्रोक्योरमेन्ट एजेन्सी का दूरभाष संख्या	9162486095
ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल का वेबसाईट	6200187660

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

नोडल पदाधिकारी, ई — प्रोक्योरमेंट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
PR 349402 Building(24-25)ND भवन निर्माण विभाग, देवघर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ. ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 166242 / निविदा सूचना क्रमांक 17/ वलेलि / 2024-25, रायपुर, दिनांक 26.03.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16.04.2025 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है : -

कार्य का नाम : बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड सिमगा (तिल्दा) की बंजारी नाले पर पड़कीडीह स्टापडेम का निर्माण कार्य ।

अनुमानित लागत : रूपये 487.58 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 02.04.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं ।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242506177/5

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ सेक्टर-19, नवा रायपुर- अटल नगर

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक पुमु/योप्र/खंड - 10/आर्म्स /1475/2025, दिनांक 24/03/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ द्वारा निर्माताओं या उनके अधिकृत विक्रेता की ओर से निम्नांकित सामग्री के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

SN 0.	Item Description	Quantity	EMD Amount in Rupees	Last Date and Time of submission of Tender	Tender Opening Date and Time
1.	40mm Multi Grenade Launcher (Muzzle Loaded)	3900 Nos.	3,90,000/-	15-04-2025 till 03:00pm	15-04-2025 at 4:00

Address for submission of Tender :-	DIG of Police (P&P), Block no.-3, Room No. 309 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur
Tender fees :-	Rs.3000/- (Per item)

निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ की वेबसाईट www.cgpolice.gov.in में अपलोड किया गया है, जिसे वेबसाईट में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

उप पुलिस महानिरीक्षक (योप्र)
हेतु पुलिस महानिदेशक

G-242506168/1

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// सर्व संबंधित को सूचना //

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि पूर्व में भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मेसर्स के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड, ग्राम-नरियरा, तहसील - अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को दिनांक 19/10/2009 को कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 6x600 मेगावाट हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी । उद्योग द्वारा कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट की स्थापना पूर्ण कर संचालन किया जा रहा है। शेष कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट की स्थापना का कार्य पूर्ण नहीं होने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता समाप्त होने के कारण उद्योग प्रबंधन द्वारा कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट से 6x600 मेगावाट के लिए ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् पुन: पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है, जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Impact Assessment Division), इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड, नई दिल्ली द्वारा टर्म्स ऑफ रिफरेंस दिनांक 27/06/2022 को जारी किया गया है। जारी टर्म्स ऑफ रिफरेंस में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पब्लिक नोटिस जारी किये जाने के निर्देश है, जिसके तारतम्य में उक्त परियोजना के संबंध में आपत्तियाँ / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है।

उपरोक्त के संबंध में उद्योग प्रबंधन द्वारा ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत की गई है, जिसे जन सामान्य के अवलोकन / पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य नगर कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जांजगीर-चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला- जांजगीर-चांपा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा,जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी, कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत नरियरा, तरोद, अमोरा एवं रोगड़ा, तहसील - अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.) मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

JharKhand Communication Network Limited
(A SPV under DoIT& e-Gov, Govt. of Jharkhand)
Office: Room No-501, 5th Floor, Above Cafeteria,
Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004
CIN: U74999JH2017SGC009474
Mail-ID: jcnl.itdept@gmail.com

NIT

	Tender No. & Date	JCNL/Selection/2303/24-25 dated- 28-03-2025
2.	Brief description of project	Selection of System Integrator for Laying of OFC and providing GPON connections to Households, Government Institutions, Private Enterprises in Gaon, Panchayats (GPs) in 3 Districts of Jharkhand State
3.	Manner of Bid Submission (Online)	Jharkhand Communication Network Limited (A SPV under DoIT& e-Gov, Government of Jharkhand, 5th Floor, Cafeteria Building, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004, Tel No.: 0651-2401044, Email id: jcnl.itdept@gmail.com
4.	Tender document Fee	INR 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) through net banking or through RTGS/NEFT in the portal of website https://www.jharkhandtenders.gov.in as details regarding payment mode etc. to be submitted online by the interested bidder and as detailed in the Bid Invitation document. Digitally signed Technical bid and Financial bid to be submitted through the website https://www.jharkhandtenders.gov.in
5.	Earnest Money Deposit	The Bidder shall pay EMD of INR 7,00,000/- (Rupees Seventy Lakh Only) through net banking or through RTGS/NEFT in the portal of the website, https://www.jharkhandtenders.gov.in For details regarding payment procedures & guideline on the same, bidders are advised to follow the mentioned order and portal.
6.	Start date of downloading Tender Document	28-03-2025 at 10:00 AM
7.	Last date for sending the Pre-bid queries	03-04-2025 at 18:00 PM
8.	Pre-bid Meeting	07-04-2025 at 15:00 PM
9.	Bid Submission start date & time (online)	09-04-2025 at 16:00 PM
10.	Bid Submission closing date & time (online)	22-04-2025 at 13:00 PM
11.	Date/time & Place for technical Proposals (Online)	23-04-2025 at 15:00 PM
12.	Queries may be sent to	Mr. Abhishek Kr. Singh, IT Manager, JCNL, Email: jcnl.itdept@gmail.com

The authority reserves the right to reject any or all the bid(s) received without assigning any reason thereof.

JCNL reserve the right to cancel the tendering process at any stage without assigning any reason thereof.

Note:- Only e-Tender will be accepted. Bidders are advised to familiarize themselves adequately with the Jharkhand Government e-procurement systems well in advance to avoid last minute technical glitches/errors preventing successful uploading of bid within specified time frame.

Sd/-
Chief Executive Officer, JCNL

PR.NO.340422/Information Technology(24-25)/D

कार्यालय कलेक्टर, जिला- खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

Phone No-0782029950 Email- collector-kcg@cg.gov.in

क्रमांक 7606/भू-अर्जन / भूक्रनी /2024 खैरागढ़, दिनांक 09.12.2024

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि कय नीति, 2016 के अंतर्गत मुतेड़ा डायवर्सन नहर विस्तार कार्य में प्रभावित ग्राम भोथी, प.ह.नं.-56, रा.नि.मं. जालबांधा, तहसील - खैरागढ़, जिला - खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

स. क्रं.	भूधारक का नाम	खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में.)	अर्जित रकबा (हे. में)	भूमि का प्रकार सिंचित, असिंचित, पडत, मुख्य मार्ग)
1	2	3	4	5	6
1	आनंदी पिता रामा जाति लोधी	1302/2	0.073	0.004	सिंचित
2	मुकुट पिता रूकुम जाति लोधी	1302/9	0.085	0.012	सिंचित
3	बलकरण पिता रूकुम जाति लोधी	1302/8	0.271	0.020	सिंचित
4	राजकुमार, बीरबल, शत्रोहन, नीरा, पुष्पा, सुखवन्तीन पिता सुखराम धरमबती बेवा पति सुखराम जाति- लोधी	1300/1	0.105	0.016	सिंचित
5	रतन पिता बहल जाति- लोधी	1299/2	0.163	0.016	असिंचित
		1299/8	0.266	0.004	सिंचित
	योग	2	0.429	0.020	
6	अमरिकाबाई पति ललित खिलेश्वर पिता ललित जाति- लोधी	1299/4	0.321	0.036	सिंचित
7	पुरषोत्तम पिता जयलाल जाति- लोधी	1299/3	0.163	0.024	सिंचित
8	चंद्रभूषण पिता शिवचरण जाति-लोधी	1296/3	0.243	0.016	असिंचित
9	STAW EXPO PRIVATE LIMITED मोहम्मद अयाज रजा पिता स्व. मोहम्मद रजा, वहीदा रजा पति स्व. मोहम्मद रजा जाति-मुसलमान	1305	1.785	0.012	
		1296/4	0.486	0.008	
		1295/1	1.886	0.040	
		1295/2	0.579	0.040	
		1294/1	0.945	0.020	
		1294/2	0.235	0.012	
		1294/3	1.680	0.024	
	योग	7	7.596	0.156	असिंचित
	कुलयोग	16	9.286	0.304	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
G-242506180/2 **जिला -खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO: 3279/RMC/2025 RAIPUR DATED: 26.03.2025

Online bids are invited for the following works of works up to **11.04.2025** at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Min Reserve Price
1	166346	REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Operation, Maintenance, and Utilization of Installed Unipoles (Group A,B, D And K) for Advertising Purposes	14664000.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **26.03.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

TOWN PLANNER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार काठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 03.04.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	स्थान / नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 03.04.2025 प्रातः 09:00 बजे से

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1	सागौन	0	278	192	220	192	498
2	साल	22	0	135	0	157	0
3	बीजा	37	45	17	0	54	45
4	साजा	60	151	96	0	156	151
5	शीशम	1	35	0	0	1	35
6	हल्दू/मुण्डी	28	0	34	0	62	0
7	सलिहा/मोदं	3	0	2	0	5	0
8	तिन्सा	8	0	0	0	8	0
9	खम्हार	0	0	2	4	2	4
11	धावड़ा	4	0	13	0	17	0
12	कर्रा	0	29	0	0	0	29
13	तेन्दू	46	0	14	0	60	0
14	अन्य	84	413	90	0	174	413
	योग	293	951	595	224	888	1175

नीलाम हेतु प्रस्तावित व्यापारिक बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार भानुप्रतापपुर	नग	नो.टन
1	पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर	व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	7380	20.595

दूरभाष क्रमांक- पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. क्रताओ को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर

G-242506171/4

छत्तीसगढ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर

// काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल/ वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीलाम दिनांक 02.04.2025 नीलाम समय- प्रातः 12.00 से

नया वनोपज (काष्ठ)					पुराना वनोपज (काष्ठ)				
प्रजाति	ईमारती काष्ठ		बल्ली	डेंगरी	प्रजाति	ईमारती काष्ठ		बल्ली	डेंगरी
	नग	(घ.मी.)	(नग में)	(नग में)		नग	(घ.मी.)	(नग में)	(नग में)
साल	4363	600.505	328	142	साल	2085	282.49	-	-
बीजा	120	17.251	1	2	बीजा	79	10.121	5	
सागौन	87	8.329	4	27	सागौन	70	8.414	-	-
साजा	50	5.813	9	3	हल्दू	23	1.562	-	-
धावड़ा	17	2.273	4	-	योग -	2257	302.587	5	0
हल्दू	5	0.479	1	-	निरस्त कर पुनः नीलाम में रखें वनोपज (काष्ठ)				
तेन्दू	116	2.153	-	-	प्रजाति	ईमारती काष्ठ		बल्ली	डेंगरी
जामुन	16	3.186	-	-		नग	(घ.मी.)	(नग में)	(नग में)
अन्य	66	7.029	5	5	साल	581	99.373	139	-
योग -	4840	647.018	352	179	सागौन	51	3.305	-	
					हल्दू	-	-	12	9
					योग -	632	102.678	151	9

दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)

01. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है । 04. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा । 05. ईमारती काष्ठ नया- 73 लॉट, पुराना- 41 लॉट एवं पूर्व में विक्रय पश्चात निरस्त हुए लॉट 12 लॉट कुल 126 लॉट है।

वनमंडलाधिकारी
नारायणपुर वनमंडल, नारायणपुर

G- 242506184/5

JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Government of Jharkhand)
Ground Floor, Engineers Hostel-1, Near Taludkiyan, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone: 0651-2401044, 2401047, e-mail: japit.ranchi@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER
e-Tender Ref No.: JAPIT/HIGHCOURT/DMS/01/2025

Invitation of online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in for **Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi.**

The invitation of bid is open to all S/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

Tender Schedule

SN	Item	Description
1	Tender Ref. No.	JAPIT/HIGHCOURT/DMS/01/2025
2	Name of the Work.	Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi.
3	Name & address of the issuer of this tender and Address of Communication / Place of bid Submission / Opening of Bids / Contact / Address	The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT), Ground Floor, Engineers Hostel-1, Near Taludkiyan, Dhurwa, Ranchi-834004, Tel: 0651-2401044, Email: ceo.japit@jharkhand.gov.in, japit.dms@rediffmail.com
4	Date of issue of tender Document	27/03/2025 (03:30 pm)
5	Date for sending Pre bid Query	03/04/2025 (03:30 pm)
6	Pre-bid Meeting	04/04/2025 (03:30 pm)
7	Start Date for online Bid Submission	05/04/2025 (03:00 pm)
8	Last Date for online Submission of Bid	17/04/2025 (03:00 pm)
9	Date of Opening of Technical Bids (online)	21/04/2025 (03:30 pm)
10	Date of Commercial Bid Opening	To be informed later
11	Cost of Tender Document (non-refundable)	Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand only) through online Mode (Net Banking /RTGS)
12	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs. 80,00,000.00 (Rs. Eighty Lakhs only) through online Mode (Net Banking/ RTGS)
13	RFP can be downloaded from	Downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in https://jharkhand.gov.in https://japit.jharkhand.gov.in However, in this case, the bidders are required to submit the tender cost online (Net Banking/RTGS) along with the Proposal. The entire bid process will be through e-tendering.
14	Validity of Proposed	Proposals must remain valid 180 days after the Submission date.
15	Method of Selection	CBS (without Financial Bid)
16	Bid Submission	Bidders must submit Tender through online mode only.

The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.

EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.

Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in

JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidders is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed, choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.

The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tenders as received without assigning any reason thereof.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 349383 (Information Technology) 24-25 (D)

खबर संक्षेप

एनएचआईटी ने मौद्रीकरण से 18,380 करोड़ रुपए जुटाए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग इन्फ्रा ट्रस्ट (एनएचआईटी) ने चौथे दौर में परिसंपत्तियों को बाजार पर चढ़ाकर (मौद्रीकरण) 18,380 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस दौर के पूरा होने के साथ, चार दौर में कुल 46,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाये जा चुके है।

रुपया आठ पैसे कमजोर होकर 85.77 प्रति डॉलर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया गुरुवार को आठ पैसे टूटकर 85.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की मासांत की डॉलर मांग और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में सुधार से रुपये पर दबाव पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है।

अदाणी एनर्जी ने किया महान ट्रांसमिशन का अधिग्रहण



नई दिल्ली। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने परियोजना के लिए विशेष इकाई महान ट्रांसमिशन के अधिग्रहण की बृहस्पतिवार को घोषणा की। उसने 26 मार्च, 2025 को महान ट्रांसमिशन लिमिटेड (एमटीएल) के 100 प्रतिशत शेयरों के अधिग्रहण के लिए आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौता किया है।

सुजैन क्लार्क ने की निर्मला सीतारमण से मुलाकात

नई दिल्ली। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष एवं सीईओ सुजैन क्लार्क ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी, '' अमेरिकी चैंबर यूएससीसी की अध्यक्ष एवं सीईओ सुजैन क्लार्क ने यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात की।'' मंत्रालय के अनुसार, बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत और अमेरिकी कंपनियों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों को भारत महत्व देता है।क्लार्क ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सहित भारत के निरंतर सुधारों की सराहना की, देश को लेकर अमेरिकी कंपनियों की रुचि बढ़ रही है।

रक्षा उपकरण और बंदूकों के लिए 6900 करोड़ का अनुबंध

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ क्रमशः उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) और हाई मोबिलिटी गन टोइंग वाहनों की खरीद के लिए लगभग 6,900 करोड़ रुपये की लागत वाले अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक सूचना के अनुसार, इन सौदों के साथ, चालू वित्तवर्ष में अब तक पूंजीगत खरीद के लिए मंत्रालय द्वारा कुल 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 155 मिमी/52 कैलिबर एटीएजीएस, पुरानी और छोटी कैलिबर की तोपों की जगह लेगी और भारतीय सेना की तोपखाने की क्षमताओं को बढ़ाएगी।

रोशनी नाडर बनी दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला, मुकेश अंबानी बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिजनेस की दुनिया में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब दुनिया के टॉप 10 सबसे अमीर लोगों में नहीं रहे। उनकी नेटवर्थ में पिछले साल के मुकाबले 1 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। आईटी कंपनी एचसीएल की रोशनी नाडर दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गई।

- पिछले एक साल में अंबानी की नेटवर्थ 1 लाख करोड़ रुपए घटी

ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुकेश अंबानी पर कर्ज बढ़ गया है। यह जानकारी हरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 में दी गई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। उनकी संपत्ति में 82 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अब उनके पास कुल 420 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। इस बीच आईटी कंपनी एचसीएल की रोशनी नादर दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उनके पास 3.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के टॉप दस से अंबानी हुए बाहर

दिलीप सांघवी चौथे स्थान पर आए

सन फार्मा के दिलीप सांघवी की संपत्ति में 21 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब उनके पास 2.5 लाख करोड़ रुपए हैं और वह इस लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए हैं। विप्रो के अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपए के साथ पांचवें, कुमार मंगलम बिड़ला 2 लाख करोड़ रुपए के साथ छठे नंबर पर हैं। साइरस पूनावाला 2 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ संयुक्त छठे नंबर पर हैं। पिछले एक साल में उनकी नेटवर्थ में 8 फीसदी गिरावट आई है।

अंबानी अभी भी भारत व एशिया के सबसे अमीर आदमी : रोशनी नाडर पहली भारतीय महिला हैं जो दुनिया की टॉप 10 महिलाओं में शामिल हुई हैं। उनके पिता शिव नाडर ने एचसीएल में अपनी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी उन्हें दे दी है। मुकेश अंबानी अभी भी भारत और एशिया के सबसे अमीर आदमी हैं। अंबानी परिवार के पास 8.6 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। हालांकि पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति में करीब 13 फीसदी यानी 1 लाख करोड़ रुपए की कमी आई है।

सबसे अधिक पांच अरबपति मुंबई से : बजाज ऑटो वाले नीरज बजाज 1.6 लाख करोड़ रुपए के साथ आठवें नंबर पर हैं जबकि रवि जयपुरिया और राधाकिशन दमानी 1.4 लाख करोड़ रुपए के साथ संयुक्त रूप से नौवें नंबर पर हैं। मुंबई में सबसे ज्यादा अरबपति हैं। टॉप 10 में से पांच अरबपति मुंबई से हैं। नई दिल्ली में दो अरबपति हैं। बेंगलुरु,अहमदाबाद और पुणे में एक-एक अरबपति हैं।

व्हाइट हाउस का दावा, इससे घरेलू विनिर्माण बढ़ेगा

ट्रंप की आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा, अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहे हैं। व्हाइट हाउस का दावा है कि इससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर वाहन विनिर्माताओं पर वित्तीय दबाव भी पड़ सकता है।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, ''इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। हम प्रभावी रूप से 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। शुल्क से व्हाइट हाउस को सालाना 100 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद है। हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि अमेरिकी वाहन विनिर्माता भी अपने कई कलपुर्जे व घटक दुनिया भर से खरीदते हैं।

आपूर्ति श्रृंखला समाप्त हो जाएगी

अप्रैल से शुरू होने वाली कर वृद्धि का मतलब है कि वाहन विनिर्माताओं को उच्च लागत और कम बिक्री का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ट्रंप का तर्क है कि शुल्क के कारण अमेरिका में और अधिक कारखाने खुलेंगे तथा वह ''बेकार'' आपूर्ति श्रृंखला समाप्त हो जाएगी, जिसके माध्यम से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में वाहन कलपुर्जों और तैयार वाहनों का विनिर्माण किया जाता है।

शुल्क तीन अप्रैल से वसूला जाएगा

ट्रंप ने अपने द्वारा हस्ताक्षरित शुल्क निर्देश के प्रति अपनी गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, ''यह स्थायी (फैसला) है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि वाहनों पर शुल्क तीन अप्रैल से वसूला जाना शुरू किया जाएगा।

वैश्विक नेताओं ने शुल्क की आलोचना की

वैश्विक नेताओं ने शुल्क की आलोचना करने में देर नहीं लगाई जो इस बात का संकेत है कि ट्रंप व्यापक व्यापार युद्ध को तेज कर सकते हैं जिससे दुनिया भर में वृद्धि को नुकसान पहुंच सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से प्रत्यक्ष हमला है। हम अपने कर्मचारियों की रक्षा करेंगे। हम अपनी कंपनियों की रक्षा करेंगे। हम अपने देश की रक्षा करेंगे।''

यूरोपीय आयोग ने जताया खेद : इसेल्स में, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यूरोप से वाहन निर्यात को लक्षित करने के अमेरिकी निर्णय पर खेद व्यक्त किया और यूरोपीय आयोग उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों की रक्षा करने का संकल्प किया। 'शुल्क कर ...व्यवसायों के लिए बुरे, अमेरिका और यूरोपीय संघ में उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से बदतर।'

- वाहन विनिर्माताओं पर वित्तीय दबाव भी पड़ सकता है
- सालाना 100 अरब डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद
- अमेरिकी वाहन विनिर्माता भी दुनिया भर से खरीदते है कलपुर्जे

कनाडा.के पीएम कार्नी ने कदम को अनुचित बताया

कार्नी ने कहा कि उन्हें जवाबी कार्रवाई करने से पहले ट्रंप के कार्यकारी आदेश का विवरण देखना होगा। उन्होंने इस कदम को अनुचित बताया और कहा कि वह चुनाव अभियान छोड़कर बृहस्पतिवार को ओटावा जाएंगे तथा अमेरिकी संबंधों पर अपने मंत्रिमंडल की विशेष समिति की अध्यक्षता करेंगे।

जनरल मोटर्स के शेयर में तीन फीसदी की गिरावट

इस बीच, बुधवार को कारोबार में जनरल मोटर्स के शेयर में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। फोर्ड के शेयर में मामूली बढ़त दर्ज की गई। जीप तथा क्रिसलर का स्वामित्व रखने वाली स्टेलेंटिस के शेयर में भी करीब 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

वाहनों की कीमतों में होगी वृद्धि

पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स की वरिष्ठ 'फेलो' अर्थशास्त्री मैरी लवली ने कहा, '' हम वाहनों की कीमतों में काफी वृद्धि देख रहे हैं। उन्होंने कहा, '' हमें कम विकल्प देखने को मिलेंगे। इस तरह के वाहनों का बोझ मध्यम और कामकाजी वर्ग पर अधिक पड़ता है।''

विदेशी निवेशकों की खरीदारी जारी, सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- रिलायंस, एलएंडटी व बजाज फाइनेंस में रही खरीदारी
- ट्रंप के शुल्क वृद्धि से वाहन कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली

स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 318 अंक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी तथा बजाज फाइनेंस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से तेजी को समर्थन मिला।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में नरम रुख से शेयर बाजारों में तेजी सीमित रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंक चढ़कर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 458.96 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 105.10 अंक की बढ़त के साथ 23,591.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, जोमैटो, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

आयातित कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद टाटा मोटर्स में 5.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

वाहन कंपनियों के शेयरों में रही गिरावट : बीएसई पर टाटा मोटर्स का शेयर 5.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 668.60 रुपये पर बंद हुआ। अशोक लेलैंड का शेयर 2.77 प्रतिशत, आयशर मोटर्स का 0.97 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.35 प्रतिशत तथा अपोलो टायर्स का शेयर 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई वाहन सूचकांक 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,220.85 अंक पर आ गया।

कलपुर्जा कंपनियों के शेयर भी गिरे : वाहन कलपुर्जा व उपकरण विनिर्माताओं में से सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स में 5.89 प्रतिशत, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल में 2.22 प्रतिशत, भारत फोर्ज में 2.30 प्रतिशत, एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड में 1.83 प्रतिशत, क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन लिमिटेड में 1.54 प्रतिशत और रामकृष्ण फोर्जिंग्स में 0.40 प्रतिशत की गिरावट आई।

बिजनेस साइट

'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2025' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं को मिला गोल्ड कॉइन

रायपुर। फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने गुरुवार को होटल सायाजी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2025' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा की। इस कार्यक्रम के दौरान 50 ग्राम के गोल्ड कॉइन के विजेता चेतन, 10 ग्राम गोल्ड कॉइन की विजेता ज्योति मिश्रा और 10 ग्राम गोल्ड कॉइन के विजेता अमित कुमार को सम्मानित किया गया। इस विशेष ऑफर का आयोजन कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में किया गया था। प्रत्येक राज्य से एक विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन और दो विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन दिए गए। इसके अलावा कुल 5500 विजेताओं को 1 ग्राम सोने का सिक्का प्रदान किया गया। जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) पी. चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व का क्षण है कि हम 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर' के माध्यम से अपने उपभोक्ताओं को खुशियां दे पाए। इस मौके पर फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) चेतन पिंपलखुटे ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट देना और स्वस्थ खाना पकाने की आदतों के प्रति जागरूक करना है।

आरबीआई अप्रैल में रेपो दर में कर सकता है कटौती

नई दिल्ली। साख तय करने वाली और शोध एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति आर्थिक वृद्धि को गति देने के इरादे से अगले महीने अपनी समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति घटकर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति में कुल मिलाकर 0.75 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। पंत ने कहा कि हालांकि, अगर अमेरिका के जवाबी शुल्क का प्रभाव अपेक्षा से अधिक हुआ, तो ऐसे में आरबीआई मौद्रिक नीति के मोर्चे पर अधिक ढील दे सकता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू की पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना

- मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता दी जाएगी
- उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए केंद्र की पहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी (पीएम-विद्यालक्ष्मी) योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता चाहने वाले छात्रों के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय बाधाएं भारत के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न करें। आवेदक पीएम-विद्यालक्ष्मी मंच के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा से पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं। देश भर के विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक के पास 8,300 से अधिक शाखाओं के अलावा 12 समर्पित शिक्षा ऋण स्वीकृति प्रकोष्ठ और 119 खुदरा परिसंपत्ति प्रसंस्करण प्रकोष्ठ हैं। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक संजय मुदलियार ने कहा कि पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना एक अग्रणी पहल है जिसका उद्देश्य योग्य विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी को सुलभ हो।

बिना किसी जमानत व गारंटर के मिलेगा ऋण

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना एक विशेष ऋण सेवा है। इसके तहत बिना किसी जमानत और बिना किसी गारंटर के शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसे पूरी तरह से डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से सुलभ बनाया गया है।

सरकार ने चना, मसूर की खरीद को दी मंजूरी

नई दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने 2025 रबी विपणन सत्र के लिए 37.39 लाख टन चना तथा मसूर और 28.28 लाख टन सरसों की खरीद को मंजूरी दी है। सरकार मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत केंद्रीय नोडल एजेंसियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के माध्यम से जिंसों की खरीद करेगी, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात प्रमुख उत्पादक राज्य होंगे।

स्कैमर ने कॉल किया तो फोन में नजर आएगा असली नाम!

नई दिल्ली। भारत में टेलीकॉम यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है, जो उन्हें स्कैम और अनचाही मार्केटिंग कॉल्स से बचाने में मदद करेगा। प्रमुख टेलीकॉम कंपनियां, जैसे जियो, एयरटेल और वीआई, एक नई सुविधा 'कॉलर नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) लांच करने की योजना बना रही हैं। इस फीचर की मदद से कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम स्क्रीन पर दिखाई देगा, जिससे यूजर्स को ट्रूकॉलर जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारतीय टेलीकॉम कंपनियां इस फीचर को लागू करने के लिए एचपी, डेल, एरिक्सन और नोकिया जैसी बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ काम कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (ISO 9001:2015 Certified)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड नं.-1, तेलीबांधा, रायपुर 492006 (छ.ग.)
दूरभाष : कार्यालय - 0771-6621000, फैक्स: 0771-2583794 Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

मेनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक- 31/सीएसआईडीसी/का.अ./संभाग-2/2024-25 रायपुर, दिनांक 27/03/2025

मुहरबंद निविदाएं फार्म "ए" (प्रतिशत दर) पर छत्तीसगढ़ राज्य में एकीकृत पंजीयन प्रणाली ई-पंजीयन के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5
1	Road Marking work along with the Repairing & Maintenance of Earthen Shoulder at I/A Tendua Raipur (C.G.)	रू. 13.15 लाख	रू. 9900/-	रू. 885/-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि : -17/04/2025 समय 5.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : -21/04/2025 समय 2.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : -22/04/2025 समय 3.00 बजे तक।

कार्यपालन अभियंता
(संभाग-02)
S-43360/1

कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला नारायणपुर (छ.ग.)

-: मैन्युअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक : 531 / जिनिस / 2024-25 नारायणपुर, दिनांक : 26.03.2025
01. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 04-04-2025 सांय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 11-04-2025 सांय 5:00 बजे तक
03. निविदा खोले जाने की तिथि :- 16-04-2025 अपराह्न 3:00 बजे तक
04. निविदा स्वीकृति तिथि :- 24-04-2025 अपराह्न 5:00 बजे तक

उपरोक्त निविदा हेतु, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 3,000 (तीन हजार रुपये) निर्धारित किया गया है, जो (जो वापसी योग्य नही है)। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा, सरल क्रमांक 01 हेतु 06 माह (वर्षा ऋतु को छोड़कर) एवं सरल क्रमांक 02 से 09 तक 03 माह (वर्षा ऋतु को छोड़कर)। निविदा हेतु सक्षम श्रेणी निविदा हेतु 'डी' श्रेणी एवं उच्च श्रेणी के दस्तावेज आवश्यक हैं।

स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु. में)
1	2	3	4
1	कोहकामेटा में ट्रेंजिस्ट हॉस्टल भवन निर्माण कार्य (भू तल + प्रथम तल)	रू. 69.58	रू. 69,580.00
2	कानागाँव पहुंच मार्ग आवागमन हेतु 18 मी. पुलिया निर्माण कार्य ।	रू. 45.55	रू. 45,550.00
3	कोडलियार से कच्चापाल मार्ग में 1000 मीटर आर.डी. पर आवागमन हेतु 6 मी. पुलिया निर्माण कार्य ।	रू. 23.37	रू. 23,370.00
4	कोडलियार से कच्चापाल मार्ग में आर.डी. 1580 मीटर पर आवागमन हेतु 6 मी. पुलिया निर्माण कार्य।	रू. 23.37	रू. 23,370.00
5	कच्चापाल- मुसेर मार्ग में आवागमन हेतु 6 मी. पुलिया निर्माण कार्य ।	रू. 23.37	रू. 23,370.00
6	कच्चापाल से कोडलियार मार्ग में आर.डी. 1265 मीटर पर आवागमन हेतु 6 मी. पुलिया निर्माण कार्य।	रू. 23.37	रू. 23,370.00
7	कच्चापाल से कोडलियार मार्ग में 200 मीटर आर.डी. पर आवागमन हेतु 12 मी. पुलिया निर्माण कार्य ।	रू. 36.80	रू. 36,800.00
8	विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत ग्राम गरपा में कर्मचारी आवस भवन निर्माण कार्य ।	रू. 27.96	रू. 27,960.00
9	जिला नारायणपुर, ओरछा में शिक्षा केन्द्र परिसर हेतु 480.00 मीटर आहता निर्माण कार्य ।	रू. 20.63	रू. 20,630.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण / जानकारी कार्यालयीन अवधि में (कार्यालय कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, कलेक्टर कार्यालय रोड़, घडी चौक के पास जिला नारायणपुर) से प्राप्त की जा सकती है, एवं आवेदन के साथ लोक निर्माण विभाग का ई-पंजीयन प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
छ.ग.ग्र.स.वि.अभि. जिला निर्माण
समिति जिला नारायणपुर (छ.ग.)
G-242506190/1

COLLEGE OF DAIRY SCIENCE AND FOOD TECHNOLOGY, RAIPUR (C.G.) 492012
(DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA)
Website: www.dsvckvdurg.ac.in.; Email:- deancdsft@gmail.com

No. DSVCKV/CDSFT/ACD./2024-25/1176 Dated: 24/03/2025

ADVERTISEMENT

Applications are invited for the 06 post of Teaching Associate at College of Dairy Science and Food Technology, Raipur (Chhattisgarh) 492 012. Last date for submission of application form is 15.04.2025 (till 11.00 AM) and Date of Walk in Interview is scheduled on 16/04/2025 (11.00 AM onwards). The detailed advertisement is available in the University website www.dsvckvdurg.ac.in. Any further information after this advertisement will be displayed in university website only.

DEAN
COLLEGE OF DAIRY SCIENCE AND FOOD TECHNOLOGY, RAIPUR (C.G.)
S-43361/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर, जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

पत्र क्रमांक/749 /व.ले.लि. /2024 - 25 बलरामपुर, दिनांक 26/03/2025

निविदा निरस्तीकरण आदेश

निविदा सूचना क्रमांक 12/वले.लि./2024-25 दिनांक 05.03.2025 निविदा सिस्टम क्रमांक 165411 (प्रथम आमंत्रण) बांकी नदी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष एवं नहर कार्य का निर्माण कार्य में निविदा के प्रथम आमंत्रण में "**जी शेड्युल**" की राशि में परिवर्तन होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रमांक G-242505791

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर जिला
- बलरामपुर-रामानुजगंज बलरामपुर
G-242506179/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन / फैक्स नं. 07856-252362, ई - मेल - eedan phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्र. /78-79 / ले.शा./ का.अ./ लो.स्वा.यां. / 2025
दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 26/03/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।
कार्य का नाम :- नलकुप खनन का कार्य।

क्रं.	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू.में.)
1	166292	रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कटेकल्याण में 38 नग नलकुप खनन	सातवा काल	43.20	32400.00
2	166293	रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कुआकोण्डा में 27 नग नलकुप खनन	सातवा काल	29.67	22260.00
कुल योग				72.87	

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.04.2025 है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा
G-242506173/3

खिताब की जंग IPL 18

पूरन ने ठोका सत्र का सबसे तेज अर्धशतक, जीता लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर अपना खाता खोला। एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एसआरएच नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पूरन ने एडम जम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर 18 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। वह आईपीएल में 20 से कम गेंद में चार बार अर्धशतक बनाकर सबसे ऊपर हैं। उनके बाद ट्रेविस हेड और जेक फ्रेजर मैकगुर्क तीन बार ऐसा कर चुके हैं।

हैदराबाद को पांच विकेट से दी मात

116 रन की साझेदारी

निकोलस पूरन (70 रन) के इस इंडियन प्रीमियर लीग सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए खेली गई 116 रन की साझेदारी से जीत मिली। अंत में अब्दुल समद और डेविड मिलर की नाबाद पारियों से टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले शार्दुल ठाकुर ने 34 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार वापसी जारी रखी।

पूरन-मार्श ने तोड़ा रिकॉर्ड

पूरन और मिचेल मार्श (52 रन) ने दूसरे विकेट के लिए महज 43 गेंद में 116 रन की साझेदारी निभाई जो आईपीएल में दूसरे विकेट के लिए एलएसजी की सबसे बड़ी साझेदारी है।इस तरह उन्होंने केएल राहुल और दीपक हुड्डा के बीच 95 रन की साझेदारी का रिकॉर्ड को तोड़ा। मिचेल मार्श ने 11वें ओवर में कमिंस की गेंदों पर लगातार चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उनकी अगली ही फुल लेंथ गेंद पर लांग ऑन पर नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे।

हेड 47 रन पर आउट

एसआरएच के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में दिख रहे थे लेकिन 28 गेंद में 47 रन ही बना सके। वह टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा अनिकेत वर्मा ने 36 और नीतिश कुमार रेड्डी ने 32 रन का योगदान दिया। फिट होकर टीम में शामिल हुए आवेश खान के अलावा दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई और प्रिंस यादव को एक एक विकेट मिला।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
ट्रेविस हेड बो प्रिंस यादव	47	28	5	3
अभिषेक का पूरन बो शार्दुल	06	06	1	0
किशन का पंत बो शार्दुल	00	01	0	0
नीतिश कुमार रेड्डी बो बिश्नोई	32	28	2	0
हेनरिच क्लासन रन आउट	26	17	2	1
अनिकेत वर्मा का मिलर बो राठी	36	13	0	5
मनोहर का समद बो शार्दुल	02	06	0	0
पैट कमिंस का राठी बो आवेश	18	04	0	3
हर्षल पटेल नाबाद	12	11	0	0
शमी का बडोनी बो शार्दुल	01	03	0	0
सिमरजीत सिंह नाबाद	03	04	0	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 190/9

गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-34-4, आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-40-1, बिश्नोई 4-0-42-1, प्रिंस 4-0-29-1.

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4	6
मार्श का रेड्डी बो कमिंस	52	31	7	2
मारक्रम का कमिंस बो शमी	01	04	0	0
पूरन पगाबाधा बो कमिंस	70	26	6	6
ऋषभ पंत का शमी बो पटेल	15	15	0	1
बडोनी का पटेल बो जम्पा	06	06	1	0
डेविड मिलर नाबाद	13	07	2	0
अब्दुल समद नाबाद	22	08	2	2

अतिरिक्त : 14, कुल : 16.1 ओवर में 193/5

गेंदबाजी : अभिषेक 2-0-20-0, शमी 3-0-37-1, सिमरजीत 2-0-28-0, कमिंस 3-0-29-2, जम्पा 4-0-46-1, हर्षल 2-0-28-1, किशन 0.1-0-4-0.

खास खबर

दूसरी गेंद का पहली बार आईपीएल में हुआ इस्तेमाल

गुवाहाटी। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बुधवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में पहली बार दूसरी गेंद का नियम देखने को मिला। कार्यवाहक कप्तान रियान पराग के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर की पारी के 17वें ओवर में गेंद बदलने का अनुरोध किया, लेकिन यह मैच का पासा पलटने के लिए काफी नहीं था। नए नियम का इस्तेमाल करने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को केकेआर के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार दूसरी हार रही। क्विंटन डिकॉक की 61 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत कोलकाता ने इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की।

आरसीबी के लिए चेपक में खेलना बड़ी चुनौती

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। वाटसन ने कहा, 'आरसीबी के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी, विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए। सुपरकिंग्स की ताकत का मुकाबला करने के लिए आरसीबी को अपने टीम संयोजन में बदलाव करने की जरूरत होगी। लेकिन कोई गलती नहीं करें - चेपक एक किला है।'

इंपेक्ट प्लेयर नियम से ऑलराउंडर को नुकसान

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड और गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि आईपीएल में इंपेक्ट प्लेयर नियम फिलहाल काम कर रहा है लेकिन यह कभी ना कभी ऑलराउंडर के विकास में समस्याएं खड़ी कर सकता है। इस नियम पर लोगों की राय अलग-अलग है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसे कम से कम 2027 के सत्र तक लागू किया है। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज मिलने से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को पहली ही गेंद से आक्रामक रुख अपनाने का मौका मिलता है। इसी तरह बाद में गेंदबाजी करने वाली टीम ऑलराउंडर की जगह अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को खिला सकती है।

आईपीएल : सूरमा गेंदबाजों की हो रही धुनाई पाटा पिचों पर इज्जत का हो रहा कचरा...

पैट कमिंस ने कुटवाए 60 रन

आईपीएल के इसी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज और टीम के कप्तान पैट कमिंस की भी जमकर धुनाई हुई। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर्स में कुल 60 रन कुटवा दिए। पैट कमिंस इस समय आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 3 गेंदबाज हैं।

मोहम्मद सिराज ने लुटाए 54 रन

इस बार मोहम्मद आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जगह गुजरात टाइटन्स की टीम में खेल रहे हैं। वह पहला मुकाबला 25 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने उतरे, जहां वो 4 ओवर्स में 54 रन लुटा बैठे, उनको एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं इकोनॉमी रेट भी 13.50 रहा। सिराज की बेस्ट रैंकिंग इस समय वनडे में है, वह 14वें पायदान पर हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। अब तक दुनिया की सबसे बड़ी टी20 क्रिकेट लीग के 5 मुकाबले हो चुके हैं। लेकिन आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों में गेंदबाजों के आंकड़ों के रुझान देखे जाएं तो उनकी हालत खराब दिख रही है। कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, विशाखापत्तनम और अहमदाबाद में हुए इन मैचों में ज्यादातर पिचों का मिजाज पाटा (बल्लेबाजी के लिए आसान पिच) रहा है। यही कारण है कि बल्लेबाजों का जहां मन कर रहा है, वो उस तरफ गेंदों को मार रहे हैं। देखा जाए तो इस दौरान आईपीएल में कई गैरअनुभवी गेंदबाजों को तो बल्लेबाजों पर लगाम लगाने में मुश्किल आ रही है। वहीं आईपीएल के दिग्गज गेंदबाज भी फुस्स हो रहे हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसे ही गेंदबाजों के बारे में...

आर्चर ने 4 ओवर में दिए 76 रन

इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर की इस समय आईसीसी टेस्ट रैंकिंग 10 है। वह इस बार राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा हैं। 23 मार्च को हुए आईपीएल मुकाबले में वो सनराइजर्स हैदराबाद के खिफाल बेहद महंगे साबित हुए और अपने 4 ओवर्स में 76 रन 19 के इकोनॉमी रेट से लुटा बैठे। ईशान किशन ने तो जोफ्रा के एक ही ओवर में 3 छक्के भी जड़े थे।

बिश्नोई के नाम 53 रन देने का रिकार्ड

कभी टी20 के नंबर एक गेंदबाज रह चुके रवि बिश्नोई की भी इस आईपीएल सीजन के एकमात्र मुकाबले में हालत खराब दिखी है। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में 4 ओवर्स में 53 रन देकर 13.25 की इकोनॉमी रेट से 2 विकेट लिए। वह वर्तमान में नंबर 6 टी20 बॉलर हैं। रवि बिश्नोई का टेस्ट और वनडे डेब्यू नहीं हुआ है।

महीश तीक्षणा ने गंवाए 52 रन

24 साल के श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा इस बार आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से ना खेलकर राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे हैं। राजस्थान की ओर से खेलते हुए उनकी भी हैदराबाद संग मुकाबले में जमकर पिटाई हुई, वह 4 ओवर्स में 52 रन लुटा बैठे और 2 विकेट झटक पाए। वर्तमान में तीक्षणा वनडे फॉर्मेट के नंबर 1 तो टी20 के नंबर 7 गेंदबाज हैं।

लगातार सुधार की कोशिश कर रहे हैं कोहली : कार्तिक

चेन्नई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने गुरुवार को कहा कि विराट कोहली की अनुकरणीय कार्यशैली उनके साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है और यह भारतीय सुपरस्टार खुद में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले आईपीएल चरण के बाद संन्यास लेने वाले आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी कार्तिक ने कहा कि कोहली में पहले की तरह ही भूख है।पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी बनाम चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, 'अभी जब मैं मैदान पर आया तो आज भी वह एक और शॉट पर काम करना चाहते हैं।

मेरे से बेहतर के साथ गेंदबाजी करने का आदी : मोईन अली

गुवाहाटी। कोलकाता नाइट राइडर्स के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान सुनील नारायण की जगह सफलतापूर्वक लेने वाले मोईन अली ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने के आदी हैं जो उनसे बेहतर है। मोईन ने कहा, 'मेरा काम रन गति पर लगाम कसना है जिससे कि वह दबाव बना सके और विकेट ले सके। मैं ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने का आदी हूं जो मेरे से बेहतर है और जिसमें मेरे से अधिक विविधता है। मेरा काम जितना हो सके उतनी कसी हुई गेंदबाजी करना है और उम्मीद है कि इससे दबाव बनेगा और वह व्यक्ति विकेट ले सकेगा।'



खबर संक्षेप

करमाकर के निलंबन पर की जाएगी चर्चा

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने गुरुवार को कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता जॉयदीप करमाकर को पश्चिम बंगाल में सभी निशानेबाजी गतिविधियों से निलंबित किए जाने के बारे में उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। पश्चिम बंगाल राइफल संघ ने राइफल कोच करमाकर को राज्य में निशानेबाजी से संबंधित गतिविधियों से प्रतिबंधित करने का कदम तब उठाया जब इस ओलंपियन ने साल के शुरु में उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन पर सवाल उठाए थे।

क्वालीफायर में भारत को ग्रुप बी में मिली जगह

नई दिल्ली। भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए गुरुवार को ग्रुप बी में थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ जगह मिली। टूर्नामेंट का ड्रॉ कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। थाईलैंड 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। ग्रुप विजेता फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे जिसका आयोजन एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में किया जाएगा।

मियामी ओपन

इयाला अंतिम-4 में, अब तक तीन ग्रैंडस्लैम चैंपियन को किया बाहर

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और उलटफेर करते हुए महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियाटेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियाटेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपीन्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्लूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने अब तक तीन ग्रैंडस्लैम विजेताओं को हराया है। सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा की भिड़ंत अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगी जिन्होंने ब्रिटेन की गैरवरीय एम्मा राडुकानु को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7, 6-2 से हराकर चार साल में तीसरी बार मियामी ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

तीन घंटे में जीते चोटिल दिमित्रोव

पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 14वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद 23वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को लगभग तीन घंटे में 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में दिमित्रोव की भिड़ंत नोवाक जोकोविच और सबेस्टियन कोर्डा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। इस बीच बारिश के कारण स्थगित पुरुष एकल के चौथे दौर के मैच में 17वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स ने शीर्ष वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़, यह बजट पेरिस से दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्टूबर में भारतीय ओलंपिक संघ ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी।

अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपए से 64,000 करोड़ रुपए के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां 'समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी' शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया। इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।



इन देशों ने दिखाई रुचि

कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।

2026 तक आ सकता है फैसला

इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान के रूप में खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का अध्ययन करती है। प्रक्रिया का अगला चरण 'लक्षित संवाद' होगा, जिसके लिए एक संस्करण-विशिष्ट औपचारिक बोली प्रस्तुत की जाएगी। इसका मूल्यांकन भविष्य के मेजबान आयोग द्वारा किया जाएगा। यह प्रक्रिया अंततः एक मेजबान चुनाव के साथ समाप्त होगी। 2036 के मेजबान पर निर्णय 2026 से पहले आने की संभावना नहीं है।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पता चला था है कि अनुमानित खर्च पिछले साल के पेरिस ओलंपिक (32,765 करोड़ रुपए) से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, अंतिम ब्लूप्रिंट में गुजरात के दो शहरों और चार अन्य शहरों - भोपाल, गोवा, मुंबई और पुणे में खेल करवाने के अनुमानित लागत का खुलासा किया गया है।

अर्जेंटीना को मेसी के 2026 फीफा विश्व कप तक खेलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेसी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, 'हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।'मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को 1-0 से हराया था।

मर्डर के डर से खुद ही पत्नी की शादी प्रेमी से करवा दी

संतकबीरनगर। यूपी के संतकबीरनगर में एक पति अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवाकर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। गांव वालों के सामने ही इस तरह हुई शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बीच गुरुवार को पति ने खुलासा किया कि वह मेरठ के सौरभ हत्याकांड से बुरी तरह डरा हुआ था। सौरभ की तरह उसने भी अपनी पत्नी को कई बार प्रेमी से मिलने से मना किया था। इसके बाद भी वह मान नहीं रही थी। सौरभ की तरह उसे भी कोई नुकसान न हो जाए, इस बात से ही सहमा हुआ था। उसे अपनी हत्या की आशंका भी सता रही थी। इसी डर के कारण उसने पत्नी की शादी उसके प्रेमी से कराने का फैसला कर लिया। संतकबीरनगर के धनघटा थाना क्षेत्र के कतर मिश्रा गांव के रहने वाले बबलू की शादी 2017 में गोरखपुर की

मेरठ कांड से सहम गया था पति

राधिका से हुई थी। कुछ साल तो सबकुछ ठीक-ठाक चलता रहा। दोनों को दो बच्चे भी हुए। इस बीच काम के सिलसिले में बबलू शहर के बाहर जाने लगा तो राधिका का अपने गांव के विशाल से प्रेम संबंध हो गया। पिछले डेढ़ साल से दोनों में इतनी नजदियां बढ़ गईं कि विशाल को राधिका के साथ आते-जाते लोगों ने कई बार देखा। जब बबलू को इस बारे में पता चला तो उसने राधिका को विशाल से संबंध तोड़ने को कहा। दो बच्चों की भी परवाह न करते हुए राधिका ने पति की बातें नहीं मानीं। उसका अपने प्रेमी से मिलना-जुलना जारी रहा। इसी बीच मेरठ और औरैया में दो खौफनाक वारदातें सामने आ गईं। मेरठ में पत्नी मुस्कान ने प्रेमी के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्याकर शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इसके बाद शव को प्लास्टिक के ड्रम में डालकर सीमेंट का घोल भी डाल दिया।

पिता के साथ रहेंगे बच्चे

बबलू ने अपने दोनों बच्चों को अपने साथ रखने का निर्णय किया। शादी की वैधानिकता के बारे में पूछे जाने पर उसने कहा कि यह शादी वैध है क्योंकि यह ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई है और किसी के भी परिजन को कोई आपत्ति नहीं है।

चार बच्चों की हत्या कर खुदकुशी की

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और उसके बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव के निवासी राजीव कुमार (36) ने घर में अपने ही चार बच्चों स्मृति (12), कीर्ति (नौ), प्रगति (सात) और ऋषभ (पांच) की पहले धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और दूसरे कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी।

एसईसीएल के सीएमडी दुहन ने संभाला पदभार

बिलासपुर। एसईसीएल के नए अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने पदभार ग्रहण कर लिया है। एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर निदेशक मण्डल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के पद पर कार्यरत थे।

34 वर्ष का अनुभव : श्री दुहन कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की। वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। उनके पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है।

एसईसीएल का सीएमडी बनने से पहले, श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपतियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज

संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

रक्षा मंत्रालय ने किया 2500 करोड़ का समझौता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को टैंक रोधी हथियार प्लेटफार्म से जुड़े ट्रैक्ड संस्करण नाग मिसाइल सिस्टम और 5 हजार हल्के वाहनों की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड और फोर्स मोटर लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ 2 हजार 500 करोड़ रुपए के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थिति रहे। मंत्रालय ने समझौतों को रक्षा खरीद प्रक्रिया से जुड़ी हुई खरीददारी (भारतीय-स्वदेशी रूप से परिकल्पित, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया है।

RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290056812, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290056814, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 8448587268, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290056813, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989092

आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट* चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF series & Splendor+ series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non I3s drum brake & Splendor+ Xtec 2.0 variant in Raipur.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरे 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री साईं हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289923355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, गिरौदपुरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, कुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, डोरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425595290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: क्रान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, पिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

VM...5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com